आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 232-● जबलपुर ●गुरुवार, 23 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष -3● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

कान्हा के हाथियों के लिए आज से महोत्सव शुरू हो रहा है, हाथी 7 दिन तक बिना किसी काम के केवल आराम फरमाएंगे।





# पीएम मोदी की एक झलक पाने उमड़े लोग

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिनी अमेरिकी यात्रा पर गुरुवार सुबह वॉशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं। वॉशिंगटन में पीएम मोदी का भव्य स्वागत हुआ। नीचे देखिए तस्वीरें। प्रधानमंत्री मोदी के काफिले के रास्ते पर बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग स्वागत के लिए खड़े थे। भारतीय समयानुसार तड़के 3.30 बजे वाशिंगटन डीसी के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज एयरबेस पर उतरने के बाद पीएम मोदी का काफिला पेंसिल्वेनिया एवेन्यू के होटल विलार्ड पहुंचा। अपने अमेरिका दौरे के पहले ही दिन से एक्शन मोड में नजर आएंगे पीएम मोदी। भारतीय समयानुसार आज उनके कार्यक्रम शाम 7.15 बजे से शुरू होंगे। यहां जानिए उनका पहले दिन का प्रोग्राम। पीएम मोदी अमेरिका में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### वॉशिंगटन पहुंचने पर पीएम मोदी का ट्वीट, ऐसा होगा कार्यक्रम

पीएम मोदी ने अमेरिका पहुंचते ही ट्वीट किया, गर्मजोशी से स्वागत के लिए वाशिंगटन डीसी में भारतीय समुदाय का आभारी हूं। प्रवासी भारतीय हमारी ताकत हैं। यह काबिले तारीफ है कि कैसे प्रवासी भारतीयों ने दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है।

**23 सितंबर-** अमेरिका के शीर्ष सीईओ से मुलाकात। यहां एप्पल के प्रमुख टिम कुक भी रहेंगे। इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मुलाकात। इसी दिन ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापानी समकक्ष योशीहिदे सुगा से भी मीटिंग।

**24 सितंबर-** वॉशिंगटन में क्वाड समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। व्हाइट हाउस में जो बाइडेन के साथ पहली व्यक्तिगत द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और शाम को वॉशिंगटन से न्यूयॉर्क जाएंगे।

**25 सितंबर-** N महासभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### पाक एयरस्पेस से गुजरा विमान

पीएम मोदी के स्पेशल बोइंग 777-337 ने नई दिल्ली से बुधवार सुबह 11.40 बजे उड़ान भरी थी। पीएम मोदी इस विशेष विमान ने सुरक्षा कारणों से अफगानिस्तान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं किया। इसके बाद पाकिस्तान के एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी गई। अनुमति मिलने के बाद यह विमान ईरान होते हुए अमेरिका पहुंचा। कारण साफ है कि तालिबान के कब्जे के बाद काबुल का एयरस्पेस सुरक्षित नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विमान को अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने की अनुमति देरी से दी। यदि पाकिस्तान अनुमति नहीं देता, तो प्रधानमंत्री और उनके दल के लिए फ्रैंकफर्ट में रुकने और फिर अमेरिका जाने का विकल्प होता।




## भारत की धमक अग्नि-5 मिसाइल का पहला ट्रायल आज

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान आज दुनिया को अपनी धमक दिखाए हुए 5000 किमी से अधिक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का आज पहला यूजर ट्रायल करेगा। आपको बता दें कि अब तक परमाणु मिसाइल अग्नि-5 के कुल 7 परीक्षण कर चुका है, लेकिन अग्नि के जंगी बेड़े में शामिल होने के बाद इस तरह का यह पहला परीक्षण किया जा रहा है। खास बात ये है कि अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण ऐसे समय में किया जा रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दौरे पर रवाना हो चुके हैं, वहीं दूसरी ओर भारत के इस मिसाइल परीक्षण से चीन घबराया हुआ है और लगातार अग्नि-5 मिसाइल के परीक्षण पर सवाल खड़े कर रहा है।

## ठेकेदार की बेटी को दरवाजे से उठा ले गए अपहरणकर्ता

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में एक बार फिर अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। मुजफ्फरपुर में एक ठेकेदार की बेटी का अपहरण घर के दरवाजे से कर लिया गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार चंदन तिवारी की 12 वर्षीय बेटी को घर के बाहर से बदमाश अगवा कर ले गए। इस दौरान अपहरणकर्ताओं ने एक पत्र भी फेंका जिसमें टूटी-फूटी अंग्रेजी में पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और ठेकेदार चंदन तिवारी से वारदात के बारे में जानकारी ली जा रही है।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस में और बढ़ा विवाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गुटबाजी अब सड़क पर खुलकर सामने आने लगी है। सत्ताधारी दल के विधायक ने ही आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के समर्थक होने की वजह से उनके और उनके साथियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी के बाद विधायक शैलेष पांडेय ने यह आरोप लगाया है।

### हत्या या आत्महत्या ?

## नरेंद्र गिरि की मौत से जुड़ा वीडियो शव फंदे पर तो कैसे चलता रहा पंखा

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद अध्यक्ष की संदिग्ध हाल में मौत के मामले में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जो घटना के ठीक बाद पुलिस के पहुंचने के दौरान का है। सबसे खास बात यह है कि इसमें फर्श पर महंत का शव पड़ा दिखाई दे रहा है और कमरे का पंखा चल रहा है। वीडियो में आईजी केपी सिंह इस बाबत मठ में रहने वाले शिष्यों से पूछताछ करते भी दिख रहे हैं। 1.45 मिनट का यह वीडियो उस कमरे का है, जिसमें महंत का शव फंदे पर लटका मिला। वीडियो शुरू होते ही महंत नरेंद्र गिरि का शव फर्श पर पड़ा नजर आता है और बगल में ही महंत के कथित सुसाइड नोट में उत्तराधिकारी बताए गए बलबीर गिरि खड़े नजर आते हैं। वीडियो के अगले फ्रेम में एक फोटोग्राफर और एक दरोगा नजर आते हैं। इसके बाद कैमरा कमरे में पड़े बिस्तर और वहां सजाई गईं तस्वीरों व सर्टिफिकेट की ओर घूमता है। अगले फ्रेम में कैमरा कमरे में लगे पंखे की तरफ किया जाता है, जिसमें पंखा चलता हुआ दिखाई देता है। पंखे की रॉड जिस चुल्ले में फंसी होती है, इसी चुल्ले में पीले रंग की नॉयलॉन की उस रस्सी का एक हिस्सा भी फंसा नजर आता है, जिससे बनाए गए फंदे पर महंत का शव लटका मिला। वीडियो में फर्श पर मृत पड़े महंत के गले में रस्सी का एक टुकड़ा भी फंसा दिखाई देता है। कुछ ही देर बाद आईजी केपी सिंह कमरे के दरवाजे पर खड़े महंत के शिष्यों से यह पूछताछ करते नजर आते हैं कि पंखा चल रहा था या इसे किसी ने चलाया। इस पर सुमित नाम का शिष्य पहले यह कहता है कि पंखा उसने चलाया। लेकिन जब आईजी उससे इस बारे में पूछते हैं तो वह इसका जवाब न देकर अन्य बातें बताने लगता है।



### बड़ा सवाल रस्सी के तीन हिस्से कैसे हुए

वीडियो देखने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि महंत ने जिस रस्सी से फांसी लगाई, उसके तीन हिस्से कैसे हुए। अगर माना जाए कि रस्सी काटकर शव को फंदे से नीचे उतारा गया तो भी यह सवाल अनुत्तरित ही रहता है। क्योंकि इसमें भी रस्सी के दो ही भाग होंगे। जबकि कमरे में रस्सी तीन हिस्सों में बंटी मिली।

# घमासानः रावत के बयान से नाराज जाखड़ दिल्ली जाएंगे

### राहुल-प्रियंका के साथ बैठक करेंगे, अमरिंदर ने भी खोला मोर्चा

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस का घमासान शायद जल्दी नहीं थमेगा। अब हरीश रावत के बयान से नाराज पूर्व पीपीसीसी प्रधान सुनील जाखड़ दिल्ली रवाना हो गए हैं। पता चला है कि सुनील जाखड़ दिल्ली में राहुल गांधी से गुरुवार को बैठक करेंगे। संभावना है कि प्रियंका गांधी भी बैठक में हिस्सा लें। चरणजीत चन्नी को सीएम बनाए जाने के बाद हरीश रावत ने बयान दिया था कि अगले चुनाव में नवजोत सिद्धू पार्टी का चेहरा होंगे। इस पर पूर्व पार्टी प्रधान सुनील जाखड़ ने कड़ा विरोध जताया था। बाद में रावत ने कहा था कि चुनाव चन्नी-सिद्धू की अगुवाई में लड़ा जाएगा लेकिन तब तक इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई थी। अब बुधवार शाम को सुनील जाखड़ नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी थे, जो शिमला से नई दिल्ली जाने के लिए चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचे थे।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भले ही पंजाब कांग्रेस को एकजुट करने की बात कहें, लेकिन एक धड़ा अब भी असंतुष्ट है। चरणजीत सिंह चन्नी के सीएम बनने के बाद पार्टी प्रभारी हरीश रावत के बयान से उपजा है जिसमें उन्होंने कहा था कि 2022 के चुनाव में चेहरा नवजोत सिंह सिद्धू होंगे। इस पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि रावत का यह बयान हैरान करने वाला है। उन्होंने पंजाब में अगला चुनाव नवजोत सिद्धू के नेतृत्व में लड़े जाने पर सवाल खड़े कर दिए। जाखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में चरणजीत चन्नी के शपथ ग्रहण के दिन ही रावत का यह बयान चौंकाने वाला है। यह मुख्यमंत्री के अधिकार को कमजोर करने वाला बयान है। उनके चयन को नकारता है। इसी बीच सुनील जाखड़ के भतीजे अजयवीर जाखड़ ने पंजाब किसान आयोग के पद से इस्तीफा दे दिया है।




### बागी हुए कैप्टन अमरिन्दर खुल कर सिद्धू के खिलाफ

उधर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अब बागी तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वे नवजोत सिंह सिद्धू के मुख्यमंत्री बनने के खिलाफ डटकर मुकाबला करेंगे और 2022 के विधानसभा चुनावों में सिद्धू के खिलाफ एक मजबूत उम्मीदवार खड़ा करेंगे। बकौल कैप्टन, वह ऐसे खतरनाक व्यक्ति से देश को बचाने के लिए कोई भी कुर्बानी देने को तैयार हैं।उन्होंने कहा, यदि सिद्धू सुपर सीएम के रूप में बर्ताव करते हैं, तो पार्टी नहीं चल पाएगी। यदि ड्रामा मास्टर सिद्धू की मनमर्जी चली तो अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए दोहरे अंकों को छूना भी बड़ी बात होगी। राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा उनके बच्चों के समान हैं, लेकिन पंजाब के मामले में जिस तरह से उनका बर्ताव रहा, वह उनकी अनुभवहिनता दिखाता है।

## जासूसी कांड में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, जांच के लिए बनेगी तकनीकी एक्सपर्ट टीम

**नई दिल्ली।** जासूसी कांड में सुप्रीम कोर्ट ने तकनीकी एक्स्पर्ट कमेटी बनाने का आदेश दे दिया है। मामले में गुरुवार को हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह व्यवस्था दी। पिछली सुनवाई 13 सितंबर को हुई थी। तब सरकार ने हलफनामा दाखिल करने से इन्कार कर दिया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था। सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में कहा गया था कि वह एक कमेटी गठन करने के लिए तैयार है, जो अपनी रिपोर्ट सर्वोच्च अदालत को सौपेगी। वहीं याचिकाकर्ता स्वतंत्र जांच की मांग कर रहे थे। यह मामला इजरायली स्पाइवेयर पेगासस के जरिए देश की कुछ शीर्ष हस्तियों की कथित जासूसी से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर कर स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। सरकार की ओर से कानून मंत्री पहले ही संसद में आरोपों से इनकार कर चुके हैं। सरकार कमेटी बनाने को तैयार थी, लेकिन कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानकारी छिपा रही है।

### शहडोल के एक निजी अस्पताल पर गंभीर आरोप

## मौत के बाद भी इलाज करते रहे!

**शहडोल।** शहर के सिंहपुर रोड में स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद स्वजन ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद बुधवार की रात तकरीबन एक बजे कोतवाली में मामला दर्ज कर लिया गया है। शहर के सिंहपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई। जिसके चलते एक मरीज की मौत हो गई थी। बताया गया है कि इस मरीज के स्वजन ने खड़ी फसल को बेचकर अस्पताल प्रबंधन का पैसा जो फीस के रूप में लिया गया था उसे चुकाया था। इसके बाद भी मरीज को डॉक्टर नहीं बचा पाए। इनका यह भी आरोप है कि मरीज की मौत होने के बाद भी डॉक्टर इलाज करते रहे और पैसों की मांग करते रहे। इसी बात को लेकर स्वजन ने जमकर हंगामा किया था। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी और परिजनों को समझा कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। पुलिस को संतोष राठौर निवासी क्योटार जैतहरी जिला अनूपपुर ने बताया था कि उसकी पत्नी पुष्पा राठोर को इलाज कराने के लिए वह इस अस्पताल में लाया था और पिछले कई दिनों से उसका इलाज यहां चल रहा था। इलाज के नाम पर उससे काफी पैसा भी वसूल कर लिया गया था और फिर से 64 हजार की मांग अस्पताल प्रबंधन ने की थी। मृतक महिला के स्वजन ने आयुष्मान कार्ड होने की बात कही थी और घर से कार्ड लाकर दिखाया भी था इसके बाद भी महिला का इलाज नहीं किया गया।



## दिग्विजय बोले- हिंदुओं की तुलना में कम बच्चे पैदा कर रहे मुस्लिम

**भोपाल, (ऐजेंसी)।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने हिंदू और मुस्लिम के प्रजनन दर को लेकर गुरुवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एक अध्ययन से पता चलता है कि 1951 के बाद से मुसलमानों की प्रजनन दर में गिरावट हिंदुओं की तुलना में अधिक रही है। आज मुसलमानों में प्रजनन दर 2.7 फीसदी और हिंदुओं में 2.3 फीसदी है। उन्होंने कहा कि 2028 तक हिंदू और मुस्लिम दोनों की जन्म दर बराबर हो जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेता और ओवैसी अपनी वोट की राजनीति के लिए अपने-अपने समुदाय की प्रजनन दर का मुद्दा उठाते रहते हैं। भाजपा वाले कहते हैं कि मुसलमान चार-चार बीवी कर लेते हैं और दर्जनों बच्चे पैदा कर लेते हैं।



## स्पा सेंटर के कमरों में नहीं होगी कुंडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर या व्यावसायिक चिकित्सा डिग्री, डिप्लोमा प्रमाण पत्र के बगैर अब स्पा सेंटरों में यूं ही कोई भी मालिश नहीं कर पाएगा। पूर्वी निगम ने बुधवार को खास दिशा निर्देशों के साथ क्षेत्र में स्पा सेंटरों को खोलने की स्वीकृति प्रदान की है। पूर्वी निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस प्रस्ताव को अग्रिम स्वीकृति प्रदान की है। अब नए नियम पूर्वी निगम क्षेत्राधिकार में चल रहे सभी स्पा सेंटरों पर लागू किए जाएंगे। सभी स्पा सेंटरों को नए नियम का पालन करना आवश्यक होगा। इसके तहत अब स्पा सेंटरों में केंद्रों में क्रॉस-जेंडर मालिश की अनुमति नहीं होगी और बंद दरवाजों के पीछे स्पा सुविधाएं प्रदान नहीं की जाएंगी। स्पा सेंटरों में कमरों के दरवाजों के अंदर कोई कुंडी और बोल्ट नहीं होना चाहिए। स्पा सेंटरों में सेल्फ क्लोजिंग दरवाजे की व्यवस्था होगी, साथ ही बाहरी दरवाजे भी काम के घंटों के दौरान खुले रखे जाएंगे।

## कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार, 31 हजार नए मामले

**नई दिल्ली।** गुरुवार को आए कोरोना के नए मामलों ने एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 31,923 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 282 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 31,990 संक्रमित मरीज ठीक होकर घर लौट गए हैं। जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या कम होकर आज 3,01,604 पहुंच गई जो कि 187 दिनों में सबसे कम है। देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,46,050 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,28,15,731 हो गई है।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बुधवार को बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 26,964 नए मामले सामने आए थे जबकि 383 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 34,167 संक्रमित मरीज ठीक होकर घर लौट गए थे।



## मध्यप्रदेश में 27 सितंबर को सभी को पहली डोज लगाने का लक्ष्य



**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना से बचाव के टीके की पहली डोज अब भी एक करोड़ 15 लाख लोगों ने नहीं लगवाई है। अब प्रदेश में 27 सितंबर को फिर टीकाकरण महाअभियान होगा। इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहली डोज लगाना है। अभी 26 सितंबर तक सभी को पहली डोज लगाने का लक्ष्य था। इसके लिए हर दिन करीब 13 लाख लोगों को पहली डोज लगाने की जरूरत थी, लेकिन दोनों डोज मिलाकर यह आंकड़ा पांच लाख से नीचे रहता है।




# लाओस की गुफाओं में कोरोना फैलाने वाले चमगादड़

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेने वाले कोरोना संक्रमण का फैलाव चमगादड़ों से ही हुआ। इसके लिए इन्हें ही जिम्मेदार माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चीन में चमगादड़ से मनुष्य में कोविड वायरस आया। 2019 के अंत में चीन में कोरोना फैलने के बाद वायरस ने लाखों लोगों की जान ले लीए अभी तक दुनिया में दो करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैए जबिक करोड़ों लोग अब भी इस बीमारी की चपेट में हैं। वहीं वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में नया खुलासा किया है कि लाओस की गुफाओं में जो चमगादड़ मिले हैंए उसमें कोरोना संक्रमण जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। वैज्ञानिकों के इस खुलासे के बाद लोगों के अंदर एक बार फिर से कोरोना की तीसरी लहर को लेकर डर पैदा हो गया है। विशेषज्ञों ने साफ कर दिया है कि यह चमगादड़ मनुष्यों को जान ले सकता है।



### वुहान लैब से फैला था कोरोना संक्रमण

बता दें कि कोरोना संक्रमण फैलने के लिए चमगादड़ को ही जिम्मेदार माना जाता है। वहीं वैज्ञानिकों का दावा है कि चीन के वुहान लैब में चमगादड़ों पर किए जा रहे प्रयोग के दौरान लीक होने से कोरोना संक्रमण फैला और बहुत जल्द ही लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।

## छिंदवाड़ा में पदस्थ प्रधान आरक्षक की हत्या कर सिवनी के जंगल में दफनाया शव




**सिवनी।** पड़ोसी जिले छिंदवाड़ा के चौरई अनुविभाग के चांद पुलिस थाने में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक विजय बघेल (46) की हत्या कर शव को सिवनी के बम्होड़ी (बरघाट) जंगल में दफनाने का मामला सामने आया है। मृतक प्रधाान आरक्षक मूलतः सिवनी के जैतपुर गांव का रहने वाला है, जिसकी पदस्थापना करीब 15-20 दिन पहले छिंदवाड़ा पुलिस लाइन से चौरई अंतर्गत पुलिस थाना चांद में की गई थी। मृतक फिलहाल चौरई में परिवार के साथ रह रहा था। चौरई पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले 21 सितंबर को प्रधान आरक्षक विजय बघेल के लापता होने पर छानबीन शुरू की गई। संदिग्ध से पूछताछ में पता चला कि चौरई मे प्रधान आरक्षक की हत्या कर शव को सिवनी लाकर बरघाट बम्होड़ी के जंगल में दफनाया गया है। इसके बाद आज आरोपित को साथ लेकर चौरई पुलिस मौके पर पहुंची।



# 7 अक्टूबर से शक्ति की पूजा का महापर्व शारदीय नवरात्र, तैयारियां शुरू

## आठ दिन में होगा माता के नौ स्वरूपों का पूजन

**जबलपुर,यशभारत।** नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई। नगर में इस बार मूर्तिकार मातारानी की विशाल प्रतिमाओं को गढ़ने में लगे हैं। इस बार 7 अक्टूबर को शक्ति की पूजा का महापर्व शारदीय नवरात्र प्रारंभ होंगे, जो 14 अक्टूबर तक रहेंगे। 15 अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में विजय दशमी दशहरा का पर्व मनाया जाएगा।इस बार घट स्थापना के साथ हर दिन माता का मनोहारी श्रृंगार होगा। दर्शन की व्यवस्था चलित रहेगी। भक्त स्वयं प्रसाद चढ़ाएंगे। मंदिर से प्रसाद वितरण नहीं होगा। पिछले साल की तरह इसबार भी मेला नहीं लगेगा।इसबार तिथियों के घट-बढ़ के चलते आठ दिनों में नवदुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन होगा। मां दुर्गा के विधि-विधान से पूजन जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस वर्ष सात अक्टूबर से शुरू हो रहे शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र नौ नहीं बल्कि आठ दिन का होगा। इसके चलते माता के नौ स्वरूपों का पूजन आठ दिन में होगा। ऐसा चतुर्थी तिथि के क्षय होने से हुआ। इसके चलते नौ अक्टूबर को एक ही दिन माता चंद्रघंटा और मां कुष्मांडा का पूजन साथ होगा। ज्योर्तिविदों के मुताबिक श्राद्ध पक्ष 16 की बजाए 17 दिन होने से नवरात्र का एक दिन घट गया है। ज्योतिर्विदों ने बताया कि अश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत छह अक्टूबर को शाम 4.35 बजे से होगी जो सात अक्टूबर को दोपहर 1.47 बजे तक रहेगी। इस दिन चित्रा नक्षत्र छह अक्टूबर को रात 11.20 से सात अक्टूबर को रात 9.13 बजे तक रहेगा। प्रतिपदा तिथि उदयाकाल में सात अक्टूबर को होने से इस दिन विधि-विधान से घट स्थापना की जाएगी। तृतीया तिथि नौ अक्टूबर को सुबह 7.49 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्थी तिथि 7.50 से 10 को सुबह 4.56 बजे तक रहेगी। चतुर्थी तिथि किसी भी दिन सुर्योदय को स्पर्श नहीं कर रही है। इसके चलते इस बार चतुर्थी तिथि का क्षय हो रहा है। 14 अक्टूबर को नवमी तिथि के दिन मां सिद्धिदात्री का पूजन होगा। 15 अक्टूबर को एक मत से दशहरा मनाया जाएगा।

### किस दिन होगा माता के किस स्वरूप का पूजन

- 7 अक्टूबर को पहले दिन शैलपुत्री का पूजन होगा।
- 8 अक्टूबर को दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का पूजन कि या जाएगा।
- 9 अक्टूबर को तीसरे दिन मां चंद्रघंटा और मां कुष्मांडा का पूजन होगा।
- 10 अक्टूबर को पंचमी तिथि को स्कंदमाता की पूजा की जाएगी।
- 11 अक्टूबर को षष्ठी तिथि पर मां कात्यायनी की पूजा होगी।
- 12 अक्टूबर को सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि का पूजन किया जाएगा।
- 13 अक्टूबर अष्टमी तिथि पर महागौरी का पूजन होगा।
- 14 अक्टूबर नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाएगी।

### विजय दशमी की तिथि, शुभ मुहूर्त,

हिंदुओं के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। इसे विजयदशमी के नाम से भी जाना जाता है, जो नवरात्र के आखिरी मनाया जाता है। साल 2021 में दशहरा 15 अक्टूबर शुक्रवार को मनाया जाएगा। दशमी तिथि 14 अक्टूबर 2021 को शाम 6:52 बजे शुरू होगी और 15 अक्टूबर 2021 को शाम 6:02 बजे समाप्त होगी। इस साल विजय मुहूर्त दोपहर 2:02 बजे शुरू होगा और दोपहर 2:48 बजे तक चलेगा। वहीं अपर्णा पूजा का मुहूर्त दोपहर 1:16 बजे शुरू होगा और दोपहर 3:34 बजे समाप्त होगा।

## भू-माफिया पर चलेगा पुलिस का डंडा

# एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने कहा ,शासकीय और गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वालों की सूची बनाओ

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं कि भू-माफिया पर कार्रवाई के लिए योजना बनाई जाए। उन भू-माफियाओं को चिन्हित किया जाए जो शासकीय भूमि और गरीबों की भूमि पर कब्जा किए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को अमित शाह केंन्द्रीय गृहमंत्री भारत सरकार के जबलपुर भ्रमण के दौरान तथा गणेश उत्सव पर्व के दौरान अच्छी व्यवस्था के लिये सभी को बधाई देते हुये आदेशित किया कि थाना क्षेत्र के लिस्टिड गुण्डे/बदमाश/भूमाफिया के द्वारा शासकीय जमीन पर या किसी अन्य की जमीन/मकान पर बल पूर्वक कब्जा कर रखा गया है तो कब्जा की हुई भूमि/मकान को नगर निगम एवं प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर प्राथमिकता के



आधार पर कब्जा मुक्त करायें।बैठक में आपके द्वारा थानावार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, लघु अधिनियम, महिला सम्बंधी अपराध एवं एस.सी.एस.टी के अपराधो की 15 सितम्बर तक की त्रिवर्षिय तुलनात्मक समीक्षा की गयी तथा प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम की कार्यवाही के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इसके साथ ही आपने सभी को निर्देशित किया कि विशेष अभियान के तहत राशन एवं यूरिया की काला बाजारी करने वालों तथा मिलावटखोरों, भू-माफियाओं/चिटफंड कंपनी के कारोबारियों एवं सूदखोरों तथा संगठित जुआ सट्टा खिलाने वालों, अवैध शराब एवं मादक पदार्थ/नशीले इंजेक्शन के कारोबार मे लिप्त आरोपियों तथा अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन के कारोबार में लिप्त माफियाओं के विरूद्ध प्रभारी कार्यवाही करें साथ ही गुण्डे बदमाशों/चाकूबाजों/आसमाजिक तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, 110 जाफौ. जिलाबदर, एन.एस.ए. की, की जाये , पूर्व में पक?े गए चाकूबाजों एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों की प्रतिदिन चेकिंग की जाये एवं उनके गुजर-बसर की जॉच करते हुये डोजियर भरा जाये । प्राय: देखा गया है कि पूर्व में पकडे गए गुण्डे, बदमाश एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों के द्वारा ही घटनाये की जाती है। आपकी कार्यवाही से पुलिस का बदमाशों में खौफ एवं आम आदमी मे विश्वास होना चाहिये, ऐसे गुण्डे बदमाश जिन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है, यदि उन्होनें बंधपत्र का उल्लंघन किया गया है तो उनके विरूद्ध तत्काल 122 जा.फौ. के तहत कार्यवाही करें।

# आरडीयू में अब होगी खेती किसानी की पढ़ाई

## बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर शुरू होगा मिली मंजूरी

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विवि में शैक्षणिक सत्र 2021—22 से खेती—किसानी भी प?ाई जाएगी। ये पहली दफा है जब यूनिवर्सिटी बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर का कोर्स प्रारंभ कर रहा है। इसकी मंजूरी मिल चुकी है। विद्यार्थियों को कोरोना संक्रमण की वजह से इस साल मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश दिया जाएगा। चार साल के इस पाठ्यक्रम के लिए 60 हजार रुपये सालाना फीस तय की गई है।

रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी की विद्या परिषद की बैठक में नए पाठ्यक्रम को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा कौशल विकास के तहत संचालित वी वोक कोर्स में सीट बढ़ाई गई है। अब 50 की जगह



70 विद्यार्थियों को इसमें प्रवेश मिल पाएगा।

### दीक्षांत की तारीख में अब बदलाव नहीं होगा

पांच अक्टूबर को हर साल रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय अपना दीक्षा समारोह आयोजित करेगा। अब दीक्षा समारोह की तारीख में बदलाव नहीं होगा। अभी तक अतिथियों की सुविधा के हिसाब दीक्षा समारोह की तारीख तय होती थी। राजभवन से स्वत्रंतता के लिए बलिदान देने वाली क्षेत्रीय महान विभूतियों की जयंती पर विश्वविद्यालयों को दीक्षा समारोह की तारीख तय करने के निर्देश दिए थे।बैठक में इसके अलावा कई अन्य मसलों पर भी चर्चा हुई। कॉलेजों की संबंद्वता को लेकर भी प्रशासन ने मंजूरी दी। वहीं कोड 28 के तहत निजी कॉलेजों में नियुक्ति के प्रकरण पर भी निर्णय लिया गया।राजभवन की मंशा है कि आजादी के अमृत महोत्सव में जरूरी है कि क्षेत्र की महान विभूतियों को अलग-अलग माध्यम से याद किया जाए। दीक्षा समारोह की तिथि निर्धारित करने से उनकी जयंती को युवा पीढ़ी बेहतर तरीके से याद रख पाएगी। वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर ही विश्वविद्यालय का नाम है। इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने वीरांगना की जयंती पर दीक्षा समारोह की तारीख तय की है।



# ग्वारीघाट में खतरे की हाई मास्ट लाइट

**इलेक्ट्रिक लाइन जमीन पर खुली पड़ी, डेढ़ फिट नीचे है पानी, जिम्मेदारों को नहीं है सुध**

जबलपुर, यशभारत। ग्वारीघाट के दरोगाघाट में व्यवस्थाओं को लेकर भारी खामी उजागर हुई है। जिस हाई मास्ट लाइट का उपयोग घाट को दूधिया रोशनी से नहलाने किया जाता है, अब वही खतरे का सबब बनती जा रही है। यहां लगी हाई मास्ट की इलेक्ट्रिक लाइन जमीन पर खुली हुई पड़ी है, इतना ही नहीं लाइन के करीब डेढ़ फिट नीचे पानी है, ऐसे में यदि करंट फैला तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जानकारी अनुसार ग्वारीघाट की संगमरी वादियों के सौन्दर्य को निखारने व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दरोगा घाट में हाई मास्ट लाइट लगाई गई है। लेकिन लाइट का उचित प्रबंधन नहीं किया गया। जिम्मेदारों को इस बात की तनिक भी सुध नहीं है कि अभी अभी गणेशोत्सव पर्व समाप्त हुआ है और पितृ पखवाड़ा चल रहा है, तो वहीं कुछ समय बाद ही दुर्गोत्सव महापर्व शुरु होने वाला है। ऐसे में घाट श्रद्धालुओं से सदा ही भरा रहता है, वैसे भी मां नर्मदा के दर्शन करने के लिए और दीपदान करने भक्तों का तांता लगा ही रहता है। ऐसे में यदि घाट की व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन ना किया गया तो दुर्घटनाओं की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान कल से

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर एवं यशस्वी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान करने हेतु 24 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जबलपुर जिले के विद्यार्थियों के लिए ओपन विशेष भर्ती अभियान षासकीय मो.ह.गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर म.प्र. में 24 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन प्रात: 11 बजे से 04 बजे तक किया जायेगा। जिसमें जबलपुर जिले के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते है। इस लिंक पर पंजीयन कर अपने दस्तावेज एवं रिज्यूम के साथ उक्त दिनांक को समयानुसार आयोजन स्थल पर उपस्थित रहें। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के टी.पी.ओ डॉ. ज्योति जैन के पास संपर्क कर सकते है।डॉ. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि पूरे प्रदेष स्तर पर विषेश भर्ती अभियान के तहत जबलपुर संभाग के प्रत्येक जिले के चयनित षासकीय महाविद्यालय में 24/09/2021 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमे जबलपुर संभाग के अधिक से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित होकर लाभविंत हो। सभी आयोजक महाविद्यालय कोविड - 19 नियमों का पालन करते हुये उक्त कार्यक्रम का आयोजन करेगें।

# एम पी व्ही में चाहिए माइन डिटेक्टिव डिवाइस

**जबलपुर यशभारत।**व्हीकल फैक्ट्री में निर्मित माइन प्रोटेक्टिव व्हीकल बेशक शानदार और खूबियों से भरपूर है। लेकिन हम चाहते हैं कि एम पी व्ही मे माइन डिटेक्टिव डिवाइस और लगाई जाए ताकि एम पी व्ही गुजरने के पहले ही पता चल जाए कि उक्त रास्ते में बारूदी सुरंग बिछी है।जिससे वाहन का नुकसान न हो और जवान भी और ज्यादा सुरक्षित रह सकें।यह कहना था बी एस एफ टीम प्रमुख का जो व्ही एफ जे से माडीफाइड एम पी व्ही लेने आये थे।

# बी एस एफ टीम को प्रजेंटेशन से नहीं जमीनी स्तर पर दें जानकारी



जानकारी अनुसार बी एस एफ की30सदस्यीय टीम माडीफाइड एम पी व्ही लेने आई थी जो दो दिन व्ही एफ जे मे डेरा डाले रही।वह वाहनों को लेकर रवाना भी हो गई है।दो दिवसीय दौरे के दौरान बी एस एफ के जवानों ने प्लांट वन जहां एम पी व्ही बनाई जाती है वहां अधिकांश समय बिताया।वाहनों में किस तरह हल इंजन और अन्य उपकरण लगाये जा रहे हैं इसका बारीकी से अवलोकन किया।

इस दौरान व्ही एफ जे अधिकारियों ने सभा कक्ष में प्रजेंटेशन भी दिया कि कौन उपकरण किस तरह कार्य करता है और छोटी मोटी खराबी को कैसे दूर किया जा सकता है।इस मौके पर बी एस एफ की ओर से फीडबैक भी दिया।जानकारी के अनुसार बी एस एफ अधिकारियों ने माना कि माडीफाइड एम पी व्ही मे पहले से अधिक खूबियाँ हैं जो पहले से अधिक है।लेकिन अभी इसमें कसर और गुंजाइश है।

बी एस एफ अधिकारियों का कहना था कि एम पी व्ही मे माइन डिटेक्टिव डिवाइस और लगाई जाए ताकि जिस रास्ते पर उक्त वाहन जा रहा है मालूम किया जा सके कि उस रास्ते पर बारूदी सुरंग बिछी है या नहीं। जिसे जवान समय रहते उसे हटा या नष्ट कर सकते हैं।कहा गया कि ऐसे अनेक अवसर आये हैं और जवान तो सुरक्षित रहे लेकिन एम पी व्ही को क्षति पहुंची है।लिहाजा वाहन मे माइन डिटेक्टिव डिवाइस होना बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही बी एस एफ की ओर से कहा गया कि बजाए आफिस में प्रजेंटेशन के निर्माणी मे आने वाले जवानों को जमीनी स्तर पर व्यवहारिक रूप से निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराया जाए ताकि गश्त के दौरान गा?ी में कोई खराबी आये तो उसे मौके पर ही बीएसएफ टीम दूर कर सके।अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि उनके सुझाव और परेशानियों को

## खुशी का इजहार, किया स्वागत



**जबलपुर।** क्षेत्रीय विकास समन्वय समिति बल्देवबाग विजय नगर के सदस्यों द्वारा यश भारत के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला का यश भारत कार्यालय में पहुंचकर पुष्पहारों से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में समिति के अध्यक्ष विनय दुबे, उपाध्यक्ष आलोक सोनी, अजय चौबे, मनोज पटेल, तपन रनाडे, संतोष नामदेव, अनमोल सोनी, सचिन पटेल, रोहित नेमा, एडवोकेट शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, एडवोकेट संजय सोनी शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में झोतेश्वर में आयोजित गरिमामय समारोह में यश भारत के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला को जगतगुरु शंकराचार्य सरस्वती महाराज ने राष्ट्रीय शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

ADMISSION OPEN
भारतीय ITI
Affiliated By DGET & NCVT (Govt. Of India)
ISO CERTIFIED
ESTD 1990
ELECTRICIAN
FITTER
2 Year Engg. Trade
FREE ONLINE REGISTRATION
Sharda Chowk (Infront of Chourasiya Hotel) Madan Mahal, Jabalpur
Ph. : 0761-4003860, 9425162863, 9425150550, 7974960286

## आजादी का अमृत महोत्सव और जन कल्याण सुराज

# `सबरेगी गांधी लायबेरी, 11 स्थानों पर रोड सेफ्टी इक्यूपमेंट का लोकार्पण

जबलपुर। जनकल्याण और सुराज के 20 वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भोपाल के मिन्टो हॉल से प्रदेश के नगरों में 1 हजार करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यो का लोकार्पण तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत रूपये 299 करोड़ का ऑन लाइन वितरण किया गया। इसी आयोजन के अंतर्गत आज नगर निगम, स्मार्ट सिटी और जबलपुर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में टाउन हॉल स्थित गांधी लाइब्रेरी में भी आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना, पूर्व महापौर डॉं. श्रीमती स्वाती सदानंद गोडबोले, नगर अध्यक्ष जी.एस. ठाकुर, पूर्व पार्षद प्रदीप यादव, श्रीमती ममता सामर्थ तिवारी, निगमायुक्त संदीप जी.आर., मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती श्रीमती निधि सिंह राजपूत, जबलपुर विकास प्रधाधिकरण के सी.ई.ओ. प्रशांत श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस



अवसर पर 100 से अधिक पुरानी इमारत को 312 लाख की लागत से संरक्षित एवं सवंर्धित गांधी लाइब्रेरी का ई-लोकार्पण के साथ-साथ जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा शहर में 11 स्थानों घमापुर से चुंगी, गोकलपुर से रॉझी, मिलिट्री हॉस्पिटल से कटारिया थीम पार्क, सिविल लाईन, सी.जे. बंगला से हाईकोर्ट, हाईकोर्ट से पर्यटन भवन से सर्किट हाउस क्र. 1 इलाहाबाद बैंक चौक से कैरब्ज, कटंगा चौक से ग्वारीघाट रोड, नागरथ चौक, इनकम टैक्स चौराहा, रसल चौक, पर सड़क सुरक्षा को बेहतर करने हेतु राशि रूपये 55 लाख की लागत से रोड सेफ्टी एक्यूपमेंट का लोकार्पण तथा अमृत योजना के अंतर्गत शहर के 4 प्रमुख उद्यानों आदर्ष नगर पार्क क्षेत्रफल 1.01 एकड़ लागत राशि रूपये 87.29 लाख, शिव नगर पार्क क्षेत्रफल 1.62 एकड़ लागत राशि रूपये 123.14 लाख, चन्द्रशेखर पार्क क्षेत्रफल 2.42 एकड़, लागत राशि रूपये 175.06 एवं अधारताल पार्क क्षेत्रफल 4.15 एकड़ लागत राषि 206.55 लाख रूपये की लागत से निर्मित उद्यानों का लोकार्पण कर आम नागरिकों को समर्पित किया गया। वहीं जबलपुर विकास प्राधिकरण के 4 परियोजनाओं जिसमें योजना 2 बाजनामठ, योजना क्र. 14 माढ़ोताल, योजना क्रमांक 5 विजय नगर, और योजना क्रमांक 11 शताब्दीपुरम के आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों का लोकार्पण कर जनता के लिए समर्पित किया गया। इस दौरान जिनको आवास प्रदान किये गए हैं उन्हें मालिकाना हक के रूप में चाबी का वितरण भी उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया। अतिथियों ने एक साथ इतनी सारी शहर को सौगाते देने के लिए केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसी तरह आगे भी जबलपुर को सौगाते प्रदान करने के लिए आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में निगमायुक्त संदीप जी.आर. एवं मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्रीमती निधि सिंह राजपूत, प्रशांत श्रीवास्तव, के द्वारा सभी अतिथियो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना
मुरमुरा
बोल्ड चना
केला चिप्स
बोल्ड पीनट
मसाला चना
ड्राय मेल
चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier
Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

# एक और देह दान

## देह के बिना अधूरी रहती है मेडिकल छात्रों की पढ़ाई




**जबलपुर, यशभारत। जिस तरह नींव के बिना कोई इमारत खडी नहीं की जा सकती, उसी तरह मानव देह के अध्ययन के बिना चिकित्सा की पढ़ाई पूरी नहीं होती। जाहिर है कि बिना देह का अध्ययन किये जो भी डॉक्टर पढ़ाई करने के बाद बाहर निकलते है, वे बुनियादी तौर पर अधूरे होते है और रोगियों का उपचार करने में उन्हे कठिनाइयाँ पेश आती है।**



इस कठिनाई की जटिलता को देखते हुये विजय नगर निवासी नरेंद्र नेमा ने मरणोपरांत अपनी देह चिकित्सा छात्रों को दान दी। स्वर्गीय श्री नरेंद्र नेमा के परिवारजनों ने बताया कि श्री नेमा का इलाज मेडिकल अस्पताल में किया जा रहा था अपने अंतिम समय के दौरान उन्होंने मेडिकल में चिकित्सा छात्रों के लिए अपनी देह दान करने की इच्छा जताई थी। जिस पर पूरे परिवार ने अपनी सहमति दी और मरणोपरांत श्री नेमा की देह मेडिकल विश्वविद्यालय को सौंपी गई।

### महत्वपूर्ण बैठक में बगैर अनुमति के हुए गोल, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में भी लापरवाही की

# पाटन सीईओ का 3 दिन का वेतन कटेगा

**जबलपुर। जनपद पंचायत पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद सीईओ)अश्वनी पाठक को 3 दिन की पगार नहीं मिलेगी। जिला पंचायत सीईओ रितु बाफना ने कार्यालय में आयोजित हुई महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पाटन जनपद सीईओ की अनुपस्थिति और सीएम हेल्पलाइन योजना पर लापरवाही करने पर नाराजगी दिखाई।**

**जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई**

जनपद सीईओ के बैठक में नहीं आने पर एक दिन और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को गंभीरता से निराकरण नहीं करने पर 2 दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

बुधवार को जिला पंचायत सीईओ रिजु बाफना की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पाटन छोड़ समस्त जनपद के सीईओ मौजूद थे। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाटन जनपद की बारी आई और जिला पंचायत सीईओ ने जब जनपद सीईओ का नाम कई बार पुकारा लेकिन कोई जवाब नहीं आया इस पर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ से जनपद पाटन सीईओ का गायब होने का कारण पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की सूचना नहीं होने बताया। इस पर जिला पंचायत सीईओ नाराज हो गई। बगैर सूचना के गायब रहने पर एक दिन का वेतन और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण करने पर दो दिन का वेतन पाटन जनपद सीईओ के काटने के निर्देश दिए गए।



पीएम आवास में लापरवाही हुई तो 10 दिन की पगार नहीं मिलेगी

जिला पंचायत सीईओ रिजु बाफना ने निर्देश जारी करते हुए एडीईओ, उपयंत्री, रोजगार सहायक सचिव और सचिवों से दो टूक कहा कि अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में लापरवाही हुई तो सभी अधिकारियों को 10 दिन का वेतन नहीं मिलेगा। सभी जिम्मेदार अधिकारी पीएम आवास कार्यों का अवलोकन करें। 2021-22 आवासों का पंजीयन जियोटेगिंग एक सप्ताह की समयावधि में पूरा करें। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों पर जिला पंचायत सीईओ ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## मजदूरी करके लौटा तो घर पर मृत मिली पत्नी

**जबलपुर यश भारत।** जिले के मझौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाली ग्राम में एक 31 वर्षीय महिला घर में मृत हालत पर मिलने पर गांव में सनसनी का माहौल निर्मित हो गया और कुछ ही देर में घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई इस घटना का पता ग्राम वासियों को समय चला जब मृतका का पति मजदूरी करके घर वापस आया था जहां उसने देखा कि पत्नी संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में पड़ी हुई है उक्त घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही और मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है/ इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाली ग्राम की रहने वाली एक 31 वर्षीय कमलाबाई पति रवि कुमार घर पर अकेली थी उसका पति एवं देवर मजदूरी करने के लिए गए हुए थे सास ससुर दूसरी जगह पर रहते हैं पति जब मजदूरी करके शाम को घर लौटा तो पत्नी को मृत हालत में देखकर वह अवाक रह गया इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष के कथन लिए गए पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला ने किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई बहरहाल मर्ग कायम कर घटना को विवेचना में लिया गया है/

## 25 सितंबर को कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

जबलपुर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार 25 सितंबर को समूचे मध्यप्रदेश में जिला स्तर पर केंद्र सरकार की गलत नीतियों, कृषि कानून वापस लेने, पेट्रोलियम पदार्थों से एक्साइज ड्यूटी कम करने, निजी करण के विरोध में, मनरेगा योजना से रोजगार गारंटी प्रदान करने पर, पेगासस जासूसी मामले की जांच, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों को आर्थिक पैकेज देने, महंगाई कम करने, युवाओं को रोजगार देने आदि मुद्दों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 20 अगस्त की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में 19 विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक हुई थी जिसमें देश के आमजन को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर व्यापक धरना विरोध प्रदर्शन करने की सहमति बनी है। 25 सितम्बर को धरना प्रदर्शन में 19 विपक्षी दलों के नेताओ की सहभागिता रहेगी।



## सफाई व्यवस्था देखने साईकिल से निकले निगमगायुक्त

### सफाई ठेकेदार के सफाई संरक्षकों की उपस्थिति भी चेक की

**जबलपुर।** निगमायुक्त संदीप जी.आर. के द्वारा सुबह 06:00 बजे से साईकिल से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सफाई संरक्षकों की उपस्थिति जॉच करने के अलावा गली मोहल्ल़ो की सफाई, नाला नालियों की सफाई डोर टू डोर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाएॅ संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शत्प्रतिषत सफाई संरक्षकों की उपस्थिति और उनसे ईमानदारी से कार्य लेने के निर्देष के साथ साथ पुल पुलियों की व्यवस्था सुदृढ करने तथा अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस जारी करने, जल निकासी समुचित व्यवस्था करने के साथ साथ सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेकने वालों तथा अवैध रूप ये डेरी संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देष दिये। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निरीक्षण एवं निर्देश के उपरांत संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, और प्रभारी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सुश्री अगस्ते के द्वारा 4 डेरी संचालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर 16 हजार रूपये की राशि वसूल की गयी।

**4 डेरी संचालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही -16 हजार रूपये का लगाया गया जुर्माना**

### सीजीएचएस लाभार्थियों को समय पर भुगतान नहीं

## डायरेक्टर सीजीएचएस दिल्ली को याद दिलाया सुप्रीम कोर्ट का आदेश

जबलपुर यशभारत।केन्द्रीय स्वास्थय मंत्रालय के निर्देश के अनुसार सीजीएचएस लाभार्थियों के मेडिकल बिल का भुगतान 45 मे मिल जाना चाहिए।माननीय सुप्रीम के द्वारा भी यह निर्देश दिये जा चुके हैं कि पेमेंट एक महीने मे हो जाना चाहिए ।परन्तु सीजीएचएस जबलपुर क्षेत्रीय निदेशालय ऐसे आदेशों को कोई महत्व नहीं दे रहा है।इस संबंध में उसके अपने कानून चलते हैं। जिसके कारण मेडिकल बिलों को एक साल से अधिक समय तक बिना किसी कारण रोककर रखा जा रहा है।सिटीजन वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने जबलपुर के अपर निदेशक और डा. संजय जैन डायरेक्टर सीजीएचएस दिल्ली को पत्र लिखकर उपर्युक्त आदेशों का स्मरण कराया है। साथ ही लाभार्थियों के पेंडिंग पडे बिल का तुरंत भुगतान का आग्रह किया है।ज्ञातव्य हो कि कोरोना काल मे अनेकों लाभर्थी पेंसनर्स ने अपने रिश्तेदारों से लाखों रुपये कर्ज लेकर इलाज लिया है क्योंकि मान्यता प्राप्त अस्पतालों ने सीजीएचएस की सुविधा देने से इंकार कर दिया था जिसका भुगतान सीजीएचएस जबलपुर द्वारा नहीं किया जा रहा है।एसोसिएशन के कुअँर सिंह अशोक नामदेव, वी एन कमलाकर अशोक तमाने आर के मिश्रा आदि ने कहा है कि यदि अब और विलंब होता है तो आंदोलन करने ऐसोसिएशन बाध्य होगा।

## खमरिया पहुंचे ओएफबी मेंबर अग्रवाल



**विभिन्न अनुभागों मे आधुनिकीकरण और काम देखा**

**जबलपुर यशभारत।**आयुध निर्माणी खमरिया में आर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड के मेंबर ए. के.अग्रवाल का आगमन हुआ । वे नागपुर से स?क मार्ग से जबलपुर पंहुचे।सुबह9बजे उन्होंने निर्माणी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणी में चल रहे मॉर्डनाइजेशन एवं उत्पादन की समीक्षा।इस दौरान महाप्रबंधक रविकांत से श्री अग्रवाल द्वारा आधुनिकीकरण की प्रगति का जायजा लिया और उत्पादों के निर्माण की जानकारी ली गई ।जिस पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारे सामने एक नए रूप में आयुध निर्माणियों का खाका तैयार हो रहा है ।जिसका फायदा कर्मचारियों सहित पूरे ऑर्गेनाइजेशन को मिलेगा साथ ही नई तकनीक से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं दुर्घटना रहित उत्पादन होने में भी मॉर्डनाइजेशन की अहम भूमिका होगी।इस दौरान निर्माणी के महाप्रबंधक रवि कांत के साथ उत्पादन की समीक्षा बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में अपर महाप्रबंधक एम.सी.गुप्ता बी.बी.सिंह शैलेश अग्रवाल संयुक्त महाप्रबंधक और एम.ए.रहमान आदि उपस्थित थे।

## पश्चिम मध्य रेल के ऑनलाइन माल ढुलाई भुगतान में हुई वृद्धि

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल भारतीय रेलवे के ऑनलाइन डिजिटल प्रणालियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुत अधिक प्रयास किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन और तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के नेतृत्व में माल यातायात में नई योजनाओं के तहत फेट लोडिंग में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। जिसमें पमरे द्वारा तीनों मण्डलों में स्थापित व्यापार विकास इकाइयां से माल यातायात को नई दिशा मिली है जिससे व्यापारियों को अधिक से अधिक माल यातायात रेलवे द्वारा बूक करने के लिए आकर्षित किया गया है। पमरे ने बीडीयू मार्केटिंग के तहत माल ढुलाई में रिकॉर्ड रेल राजस्व प्राप्त किया है। ऑनलाइन भुगतान में यह है मुख्य विशेषताएं शामिल हैं।

ऑनलाइन भुगतान प्रणाली भाड़ा और सभी प्रकार के सहायक शुल्कों जैसे प्रीमियम शुल्क, वैगन पंजीकरण शुल्क, विलंब शुल्क, व्हारफेज, साइडिंग शुल्क, शंटिंग शुल्क, पुनः बुकिंग शुल्क डायवर्जन शुल्क आदि के संग्रह के लिए भी सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में पश्चिम मध्य रेल मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल जयपुरियार ने बताया कि इसी प्रकार पमरे ने माल यातायात के सुविधाओं को ब?ाते हुए व्यापारियों को ऑनलाइन डिजिटल भुगतान कार्यान्वित किया गया है। ऑनलाइन माल ढुलाई भुगतान प्रणाली लोडिंग व्यापारियों को ऑनलाइन भुगतान के लिए 24*7 समय सेवाएं उपलब्ध रहती है। इस सेवा का उपयोग करते हुए पश्चिम मध्य रेल ने पिछले तीन महीनों में 1227 रेलवे रिसिप्ट का ऑनलाइन भुगतान करके रुपये 238.10 करो? की आय रेल राजस्व में प्राप्त हुई।

## रेलवे कॉलोनियों की सुविधाओं में हुआ विस्तार

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल ने रेल कर्मचारियों को बेहतर सुविधाओं का अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल द्वारा रेलवे कॉलोनियों का सुधारीकरण करके अधिक से अधिक सुविधाजनक बनाया है। पमरे के स्टॉफ कल्याण विभाग के अंतर्गत रेल कर्मचारियों के नये रेल आवास का निर्माण एवं रेल आवासों को उन्नत तथा आवश्यक सुविधाओं के साथ बेहतर बनाया गया है। कोविड-19 की कठिन चुनौतियों के बावजूद पमरे ने वर्ष 2019-20 में 83 क्वाटर्स और वर्ष 2020-21 में 47 ?वाटर्स के साथ कुल 130 नये आवासों का निर्माण किया गया।

## राष्ट्रपति करेंगे जबलपुर की अंबिका को सम्मानित



**जबलपुर,।** भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने विद्यार्थियों को सम्मानित करता है। इस बार यह सम्मान जबलपुर की छात्रा अंबिका द्विवेदी को मिलने जा रहा है। देश के राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द द्वारा छात्रा अंबिका को एनएसएस का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार एनएसएस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अंबिका, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की एनएसएस की छात्रा हैं। उन्हें सत्र 2019-20 का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने जा रहा है। मध्यप्रदेश से वे अकेली ऐसी छात्रा हैं, जिसे यह सम्मान मिलेगा। इस सम्मान के लिए 45 लाख स्वयंसेवकों में से उनका चयन किया गया है। अंबिका, ग्राम कनौर, तहसील बरही की निवासी हैं। वे रामपाल-कंचन द्विवेदी की पुत्री हैं।

### 45 लाख एनएसएस स्वयंसेवकों में चयन

दरअसल राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरस्कारों में देशभर से दो विश्वविद्यालयों, 10 संस्थागत कार्यक्रम अधिकारियों एवं 45 लाख एनएसएस स्वयंसेवकों में से सर्वश्रेष्ठ 30 एनएसएस स्वयंसेवकों को चयन किया गया है। अंबिका को 24 सितंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा अवार्ड पदक, स्मृति चिन्ह और एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

### गांव व परिवार में दौड़ी खुशी की लहर

जैसे ही यह खबर उनके परिवार और गांव में पहुंची तो अंबिका द्विवेदी के परिवार के साथ साथ पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने कहा कि यह पूरे गांव के लिए गौरव का विषय है कि उनके गांव की बेटी को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार मिल रहा है। अंबिका द्विवेदी रामपाल द्विवेदी एवं कंचन द्विवेदी की पुत्री हैं।

### गुरु, साथियों व माता-पिता को दिया अपनी उपलब्धि का श्रेय

अंबिका द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय पुरस्कार एनएसएस अवार्ड 2019-20 की घोषणा की गई, जिसमें मध्य प्रदेश से मेरा चयन हुआ है। इसके लिए मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मैंने अपने एनएसएस कार्यकाल के दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण करते हुए विभिन्न रक्तदान शिविरों में सहभागिता की स्वयं रक्तदान किया तथा औरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पल्स पोलियो, एचआइवी एड्स, बेटी बचाओ-बेटी


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग**
**साउथ सिविल लाईन जबलपुर**

**एनआईटी नं. 02/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2021** **दिनांक 18.09.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं -

| स.क्र | पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2021_PWDRB_ 160566-1 | छिन्दवाडा | पुलो के मरम्मत कार्य | जबलपुर संभाग के अंतर्गत उपसंभाग छिन्दवाडा जिले के अंतर्गत आने वाले विघमान् पुलों के वार्षिक मरम्मत का कार्य | द्वितीय | Rs 14.88 lacks | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर |
| 2 | 2021_PWDRB_ 160567-1 | मण्डला | पुलो के मरम्मत कार्य | जबलपुर संभाग के अंतर्गत उपसंभाग मण्डला जिले के अंतर्गत आने वाले विघमान् पुलों के वार्षिक मरम्मत का कार्य | प्रथम | Rs 17.58 lacks | |
| 3 | 2021_PWDRB_ 160568-1 | छिन्दवाडा | पुलो के मरम्मत कार्य | जबलपुर संभाग के अंतर्गत उपसंभाग छिन्दवाडा जिले के अंतर्गत कन्हान नदी पर रामपेठ जोवनी खापा रोड पर विशेष मरम्मत का कार्य | प्रथम | Rs 6.57 lacks | |
| 4 | 2021_PWDRB_ 160569-1 | छिन्दवाडा | पुलो के मरम्मत कार्य | जबलपुर संभाग के अंतर्गत उपसंभाग छिन्दवाडा जिले में टॉप-बॉसखेडा मार्ग में पेंच नदी पर निर्मित पुल के पहुँचमार्ग एवं प्रोटक्शन कार्य के विशेष मरम्मत का कार्य | प्रथम | Rs 4.19 lacks | |
| 5 | 2021_PWDRB_ 160570-1 | छिन्दवाडा | पुलो के मरम्मत कार्य | लोधी खेडा खमारपानी मार्ग के कि.मी. 4/6 में कन्हान नदी पर पुल का विशेष मरम्मत का कार्य | प्रथम | Rs 85.44 lacks | |
| 6 | 2021_PWDRB_ 160556-1 | जबलपुर | सर्वेक्षण एवं बोरिंग | जबलपुर जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के निर्माण हेतु बोरिंग एवं सर्वेक्षण कार्य । | प्रथम | Rs 17.68 lacks | |
| 7 | 2021_PWDRB_ 160559-1 | नरसिंहपुर | सर्वेक्षण एवं बोरिंग | नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के निर्माण हेतु बोरिंग एवं सर्वेक्षण कार्य । | प्रथम | Rs 17.17 lacks | |
| 8 | 2021_PWDRB_ 160560-1 | मण्डला | सर्वेक्षण एवं बोरिंग | मण्डला जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के निर्माण हेतु बोरिंग एवं सर्वेक्षण कार्य । | प्रथम | Rs 17.68 lacks | |
| 9 | 2021_PWDRB_ 160562 1 | सिवनी | सर्वेक्षण एवं बोरिंग | सिवनी जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के निर्माण हेतु बोरिंग एवं सर्वेक्षण कार्य । | प्रथम | Rs 14.80 lacks | |
| 10 | 2021_PWDRB_ 160563-1 | छिन्दवाडा | सर्वेक्षण एवं बोरिंग | छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के निर्माण हेतु बोरिंग एवं सर्वेक्षण कार्य । | प्रथम | Rs 17.60 lacks | |
| 11 | 2021_PWDRB_ 160565-1 | बालाघाट | सर्वेक्षण एवं बोरिंग | बालाघाट जिले के अंतर्गत प्रस्तावित पुलों के निर्माण.हेतु बोरिंग एवं सर्वेक्षण कार्य । | प्रथम | Rs 17.56 lacks | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15.10.21 शाम 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा। मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन प्राप्त की जाएगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु संभाग जबलपुर

जी-17205/21


## नर्मदा प्रसाद प्रजापति का भव्य स्वागत

**गोटेगांव।** समीपी ग्राम करकबेल में विगत दिवस माननीय नर्मदा प्रसाद प्रजापति ( पूर्व विधानसभा अध्यक्ष म प्र एवं विधायक गोटेगाव ) का आगमन करकबेल हुआ। मुख्य बाजार स्थित हनुमान जी की बडी मढिया परिसर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री प्रजापति जी ने 4 करोड 77 लाख रुपए की लागत से दुर्गा चौराहा करकबेल से मलाह पिपरिया तक बनने जा रही नौ किलोमीटर सड़क का भूमि पूजन किया,साथ ही विधायक निधि से नई एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ करते हुए एम्बुलेंस मे नियुक्त चालक संदीप कुशवाहा को चाबी सौंपी गई। माननीय प्रजापति जी का स्वागत चौ,चंद्रशेखर साहू, तरवर सिह पटैल , ठा गोपाल सिंह लालचंद नेमा, पं दयाशंकर दिवेदी, योगेंद्र सिंह पटैल, भीकमचंद जैन नीलेश तिवारी सहित उपस्थित कांग्रेसजनो ने पुष्प हार से स्वागत किया । इसके उपरांत क्षेत्रीय जन को सम्बोधित करते हुए करकबेल वासियों से आग्रह किया कि उक्त बनने जा रही सड़क के चौड़ीकरण मे सहयोग करे जिससे कि करकबेल विकास की ओर अग्रसर हो सके।

पेट्रोल डीजल गैस महगाई बेरोजगारी किसानो के मामले मे केन्द्र एवं राज्य सरकार पर जमकर बरसे। सभा के उपरांत शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र करकबेल परिसर मे विधायक निधि द्वारा सोलह लाख पचास हजार की राशि से निर्मित होने जा रही दस बिस्तर के भवन का भूमि पूजन किया। इस दौरान रोगी कल्याण समिति करकबेल की ओर से चरणजीत पटैल, वरुण सक्सेना, बसंत पटैल, संदीप जैन द्वारा शाल श्रीफल से माननीय प्रजापति जी का स्वागत किया।

कार्यक्रम मे राजेंद्र सिंह पटेल, निर्मलचंद जैन, दीपराज दिवेदी, डॉ वीरेन्द्र सिंह पटेल, रतन सिंह पटेल,अशोक सिंह राठौर, मस्तराम गुमास्ता, शंकर सिंह कुशवाहा, देवराज पटैल नीरज नेमा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## हैण्डबाल टीम का चयन 25 को

जबलपुर । भारतीय हैण्डबाल संघ के अनुसार इस वर्ष 37वीं राष्ट्रीय सब जूनियर हैण्ड बाल प्रतियोगिता का आयोजन 07 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक हैदराबाद (बेलगोला) हैण्डबाट में किया गया है। जबलपुर जिला सब जूनियर टीम का चयन 25 सितम्बर शनिवार को अपरान्ह 4 बजे आमुसल्यता प्रमाण पत्र, आधारकडे मार्कशीट की मूलप्रति के साथ जिनकी जन्मतिथि 01/01/2005 के बाद वह गोरखपुर नवीन विद्या भवन प्रांगण पर रोहित विश्वकर्मा को अपनी उपस्थिति देकर चयन प्रक्रीया में भाग ले सकते हैं। मप्र टीम के चयन हेतु राज्य स्तरीय चयन प्रक्रीया का आयोजन इंदौर में किया जाना है।

## चतुर्मास का कल्याणकारी तीसरा माह हुआ प्रारंभ

**जबलपुर।** भाद्रपद मास के बाद आश्वनी मास की शुरुआत 21 सितंबर से हो चुकी है। हिंदू पंचांग में आश्वनी मास को सातवां महीने का दर्जा प्राप्त है और वहीं चतुर्मास का यह तीसरा महीना होता है। आश्वनी मास 21 सितंबर से 20 अक्टूबर बुधवार तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य सतीश सोनी के अनुसार इस महीने को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस समय में पित्र पक्ष के साथ नवरात्रि भी आते हैं। पितृपक्ष 20 सितंबर से प्रारंभ हो चुके हैं, जो 6 अक्टूबर को सर्वपित्र अमावस्या के दिन समाप्त होंगे। वहीं 24 सितंबर को गणपति को समर्पित विघ्न राज संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाएगा। इसके साथ ही 28 सितंबर बुधवार को गजलक्ष्मी हाथी पूजा कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को महालक्ष्मी व्रत पूजा होगी। 2 अक्टूबर को कृष्ण पक्ष इंदिरा एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा के साथ व्रत होगा। 6 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या पर ज्ञात, अज्ञात दिवंगत पितरों की शांति के लिए श्राद्ध होंगे व विपृपक्ष का समापन होगा। 7 अक्टूबर को शक्ति की पूजा का महापर्व शारदीय नवरात्र प्रारंभ होंगे, जो 14 अक्टूबर तक रहेंगे। 15 अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में विजय दशमी दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। 16 अक्टूबर को मोक्ष के मार्ग की ओर ले जाने वाला पापाकुशा एकादशी व्रत होगा तथा 20 अक्टूबर को 16 कलाओं से परिपूर्ण चंद्रमा पृथ्वी पर करेगा अमृत की वर्षा।

## भारतमाला प्रोजेक्ट में शामिल होगा नर्मदा एक्सप्रेस-वे

# भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में बनेंगे रिंग रोड

**भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार देर शाम केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मध्यप्रदेश की सड़कों से जुड़े मुद्दों पर बैठक की। बैठक में फैसला लिया गया कि मध्यप्रदेश के चारों बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में रिंग रोड का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (हृ ∏ह्व) करेगा। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार जमीन उपलब्ध कराएगी।**



### अटल एक्सप्रेसवे के दोनों ओर बनेगा इंडस्ट्रियल क्लस्टर

यह प्रोजेक्ट 1 साल में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही अटल एक्सप्रेस-वे( चंबल) के दोनों तरफ इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे और 900 चरूलंबे नर्मदा एक्सप्रेस-वे को भारतमाला प्रोजेक्ट में शामिल किया जाएगा।

बैठक के बाद शिवराज ने बताया कि अटल एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ इंडस्ट्रियल क्लस्टर निर्माण को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में रिंग रोड निर्माण पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के इन तीनों शहरों में रिंग रोड का निर्माण इंदौर के सुपर कॉरिडोर की तर्ज पर किया जाएगा, ताकि रिंग रोड के दोनों तरफ औद्योगिक गतिविधियां चालू हो सके।

#### 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट इसी साल शुरू होंगे

बैठक में यह तय किया गया कि मध्य प्रदेश में इस साल 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू होंगे। मध्यप्रदेश सरकार की तरफ से मुख्य सचिव इकबाल सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि ये प्रोजेक्ट अगले दो वित्तीय वर्षों में पूरे किए जाएंगे, इस पर गडकरी ने कहा कि ये प्रोजेक्ट इसी साल शुरू किए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री के अनुरोध पर सेंट्रल रोड फंड से मध्यप्रदेश को 1500 करोड़ रुपए इसी सप्ताह रिलीज करने की स्वीकृति भी दी।

#### 1 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स की घोषणा की थी

गडकरी ने 16 सितंबर को इंदौर में 9577 करोड़ रुपए लागत की 1356 किलोमीटर लंबी 34 सड़क प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रोजेक्ट्स के लिए 1 लाख करोड़ रुपए की घोषणा की थी। उन्होंने बुधनी से जुड़े तीन नेशनल हाईवे को भी मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि केन्द्र सरकार के सहयोग से हम प्रदेश को देश का लॉजिस्टिक कैपिटल बनाएंगे। बुधनी विधानसभा क्षेत्र तीन राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच है। यदि तीनों को जोड़ा जाए तो 92 किमी सड़क की जरूरत होगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि इस मार्ग को भी राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ने की स्वीकृति प्रदान करें, जिसे गडकरी ने मंजूरी दी।

#### नड्डा से एक घंटे की मुलाकात

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब एक घंटे मुलाकात चली। इस दौरान मध्यप्रदेश में सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। बताया जाता है कि शिवराज ने चार दिन पहले नड्डा से मुलाकात करने का समय मांगा था। दोनों नेताओं के बीच सरकार और संगठन को लेकर चर्चा हुई है।

# खर्च के लिए पैसे मांगे तो शौहर ने तीन तलाक बोलकर घर से निकाला

भोपाल। गौतम नगर थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ तीन तलाक का केस दर्ज किया है। फरियादी महिला का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने घर खर्च के लिए अपने शौहर से पैसे मांगे थे। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक अटल अय्यूब नगर निवासी 26 वर्षीय महिला की शादी चार साल पहले अफसर नाम के युवक से हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। पिछले कुछ माह से अफसर ने घर में खर्च के लिए पैसे देना बंद कर दिया था। जिसके चलते महिला को गृहस्थी चलाना मुश्किल हो रहा था। वह पति से खर्च के लिए रुपये मांगती थी, तो पति उससे मारपीट करने लगता था। कुछ दिन पहले इसी मुद्दे पर अफसर ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी। इसके बाद तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। इसके बाद महिला अपने भाई के घर जाकर रहने लगी थी। मंगलवार को महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर लगाई 30 हजार रुपये की चपत

क्राइम ब्रांच थाना पुलिस के मुताबिक पंत नगर निवासी सुनील कुमार (35) एक निजी फर्म में काम करते हैं। विगत सात अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने सुनील कुमार से क्रेडिट कार्ड का वेरिफिकेशन करने की जरूरत बनाई और उन्हें बातों में उलझाते हुए ओटीपी पूछ लिया। ओटीपी बताते ही उनके खाते से 29,990 रुपये कट गए। सुनील ने पहले घटना की शिकायत सायबर सेल में की थी। जांच के बाद मामला क्राइम ब्रांच में आ गया।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया करेंगे विजन डाक्यूमेंट की समीक्षा

ग्वालियर, । केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार को ग्वालियर आए। सिंधिया के दौरे की शुरुआत आज सुबह सबसे पहले देव दर्शन से हुई है। सबसे पहले उन्होंने मांढ़रे की माता मंदिर पर पहुंचकर कुलदेवी के दर्शन किए। इसके बाद खेड़ापति हनुमान मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। दोपहर बारह बजे बाद वह कलेक्ट्रेट में अफसरों की बैठक लेकर विजन डाक्यूमेंट की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को रात्रि विश्राम ग्वालियर में ही किया था। गुरुवार की सुबह से ही जयविलास पैलेस पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा होना शुरू हो गई थी। सिंधिया ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके वर्तमान



### आज सुबह सबसे पहले देव दर्शन से हुई

राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। इसके बाद जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व मंत्री इमरती देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुए। सबसे पहले वह मांढ़रे की माता मंदिर पर पहुंचे। यहां पर कुलदेवी के दर्शन करने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद वह खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। देव दर्शन के बाद वह कलेक्ट्रेट में आयोजित विजन डाक्यूमेंट को लेकर बैठक लेंगे। साथ ही शहर में जारी विकास कार्य एवं स्मार्ट सिटी के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

अफसरों की तैयारीः कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर दो दिन से सभी विभाग अपना-अपना प्रेजेंटेशन की तैयारी करने में जुटे हुए हैं। विशेष रूप से प्रोजेक्टों की अपडेट स्थिति का उल्लेख करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सिंधिया शहर में अन्य कई कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि सिंधिया अगले तीन दिन तक ग्वालियर चंबल अंचल के दौरे पर हैं।

# भोपाल में 3 दिन में 7 तो इंदौर में 2 दिन में 10 मरीज मिल

## राज्य में कोरोना के 90 एक्टिव केस, 12 संक्रमित स्वस्थ हुए

**भोपाल। मध्यप्रदेश के बड़े शहरों में कोरोना फिर असर दिखा रहा है। इंदौर में बीते 24 घंटे में 5 संक्रमित मिले हैं। वहीं, जबलपुर में 3 और भोपाल में 2 नए केस सामने आए हैं। नरसिंहपुर में कई दिनों के बाद और निवाड़ी में लगातार तीसरे दिन 1-1 संक्रमित मिला है। निवाड़ी में 3 दिन में 5 नए केस मिल चुके हैं, इससे चिंता बढ़ गई है। मध्यप्रदेश में एक्टिव केस 90 है। अकेले इंदौर में 23 एक्टिव मामले हैं।**



मध्यप्रदेश में 24 घंटे के भीतर 12 नए केस मिले हैं। वहीं, इतने ही संक्रमित ठीक होकर लौटे हैं। पिछले 3 दिन से 8-8 मरीज मिल रहे थे। इस आंक? में ब?ोतरी हुई है। इंदौर में एक साथ 5 संक्रमित मिलने से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया और संक्रमितों के संपर्क में आने वालों के टेस्ट करवा रहा है।

राजधानी भोपाल में 3 दिन के भीतर आंकड़ा 7 पर पहुंच गया है। इससे पहले 5 दिन तक एक भी संक्रमित नहीं मिला था। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भोपाल में 24 घंटे में 2 संक्रमित मिले हैं। हालांकि, ष्ट्रूाह्र ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक भोपाल में आंक?ा 3 है। इतने ही लोग ठीक हुए हैं। 24 घंटे में 6508 लोगों के सैंपल लिए गए थे।

#### इंदौर में 48 घंटे में 10 नए केस

इंदौर में एक माह के भीतर जिले में पांच बार कोरोना मरीजों की संख्या 0 हो गई थी, लेकिन 48 घंटे में ही 10 नए पॉजिटिव मिले हैं, जबकि एक्टिव मरीज 23 हो गए हैं। इससे एक बार फिर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई हैं। इनमें से 5 को कोविड केयर सेंटर भर्ती किया गया है,जबकि सभी की हिस्ट्री खंगाली जा रही है। स्वास्थ्य टीमों का अनुमान है कि इन सभी की ट्रेवल हिस्ट्री होने का अनुमान है। चूंकि आने वाले दिनों में त्योहार हैं, इसके मद्देनजर कसावट की जा रही है।

#### 10 जिलों में कोरोना के नए केस

पिछले 6 दिन में प्रदेश के 10 जिलों में कोरोना के नए केस सामने आए। सबसे ज्यादा इंदौर में 10 है। जबलपुर में 9, भोपाल में 7, सिंगरौली में 6, निवाड़ी में 5, राजग? में 4, विदिशा में 3, ग्वालियर में 2 और झाबुआ-नरसिंहपुर में 1-1 संक्रमित मिला है। प्रदेश में अब तक कोरोना के चलते 7 लाख 92 हजार 422 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 7 लाख 81 हजार 815 मरीज ठीक भी हो चुके हैं। कोरोना के कारण अब तक 10 हजार 517 लोगों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। वहीं बीते 24 घंटे में 12 कोरोना मरीज ठीक हुए हैं। 90 एक्टिव केस हैं।

## BJP नेता का अश्लील वीडियो मामला

# साइबर सेल ने शुरू की जांच, फेसबुक सहित अन्य एजेंसियों से बुलाई जानकारी, संगठन ने साधी चुप्पी

होशंगाबाद । मप्र होशंगाबाद के भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश माहेश्वरी केअश्लील वीडियो चैटिंग के मामले में जांच शुरू हो गई है। जिला साइबर सेल ने मामले की हर तथ्यों पर जांच कर रहा है। फेसबुक सहित अन्य एजेंसियों से साइबर सेल ने जानकारियां बुलाई है। मामले में एफबी मैसेंजर पर चैटिंग का वीडियो बनाने व उसे एडिट करने की पुष्टि होती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इधर जिला उपाध्यक्ष के अश्लील वीडियो सामने आने के बाद बीजेपी संगठन ने चुप्पी साध ली है। मामला उजागर होने के 36 घंटे बाद भी भाजपा के जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल व संगठन की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश माहेश्वरी द्वारा दिए इस्तीफे को लेकर असमंजस की स्थिति है कि उनका इस्तीफा मंजूर होगा या नहीं। सोहागपुर निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश माहेश्वरी का एक महिला के साथ अश्लील वीडियो चैटिंग के 2 वीडियो 21 सितंबर को सामने आए। 1.14 मिनट और 27 सेकेंड के है। इसमें जय प्रकाश वीडियो कॉलिंग में एक युवती के साथ अश्लील बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने शिवराज सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा किस दिशा में जा रही है। उसी दिन जिला उपाध्यक्ष माहेश्वरी और सोहागपुर के संतोष कुमार तिवारी ने एसपी ऑफिस साइबर सेल को लिखित शिकायत कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी एफबी आईडी से मैसेंजर ग्रुप बनाया गया। ग्रुप के सदस्यों से रुपए मांगे गए व माहेश्वरी के एडिट वीडियो वायरल किए गए। जिला उपाध्यक्ष माहेश्वरी ने अपने पद से इस्तीफा देने की स्वीकृति दी और कहा कि मुझे बदनाम करने की साजिश है। वीडियो एडिट किया गया।

**36 घंटे बाद इस्तीफा मंजूर होने के संबंध नहीं आया कोई बयान**

# रोजगार के अवसरों की कमी नहीं, छात्राएं अपडेट रहेंगी तो अवसर मिलेंगे

भोपाल। कोरोना संकट के कारण रोजगार के अवसर भले ही कम हो गए हों लेकिन अब स्थिति सामान्य होने लगी है। रोजगार के अवसर भी ब? हैं। छात्राएं अपडेट रहें तो उन्हें रोजगार के शानदार अवसर मिल सकते हैं। शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था नवयुवक सभा की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय में रोजगार के अवसर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने कार्यशाला में यह बात कही। मुख्य वक्ता रविकांत मिश्रा ने कहा कि निजी एवं सरकारी क्षेत्र में लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। यदि समय पर जानकारी प्राप्त कर ली जाए तो यह अच्छी नौकरी का अवसर मिल सकता है। इसके लिए छात्राओं को लगातार अपडेट रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्राएं व्यक्तित्व विकास पर पूरा ध्यान दें। आपका व्यक्तित्व भी रोजगार प्राप्त करने में सहायक हो सकता है। कालेज की प्राचार्य डॉ. प्रिया बुधानी ने कहा कि पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान होना भी जरूरी है। समाज में कहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी होनी चाहिए। कालेज के प्रभारी निदेशक सुरेश राजपाल ने कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए छात्राओं को समय-समय पर होने वाले आयोजन, कार्यशाला, वेबीनार आदि में शामिल होना चाहिए। कार्यशालाओं से हमें महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिलता है। कई बार रोजगार के नए अवसरों की जानकारी मिल जाती है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। प्रारंभ में डॉ. प्रिया ने स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला का संचालन डॉ. दिव्या वर्मा ने किया। नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी ने कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्टेट FSL के डायरेक्टर ने पेश किया जवाब

# हाई कोर्ट ने कहा DN रिपोर्ट नहीं मिलने पर आरोपी को रिहा करना मजबूरी

ग्वालियर। हाईकोर्ट में राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवाएं (स्टेट स्नस्रु) के डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कोर्ट में अपना जवाब पेश कर कहा है कि लैब में 4386 मामले छ्व के लिए पेंडिंग है। स्टाफ कम है उसके बाद भी हर महीने 200 से ज्यादा मामलों को सुलझाया जा रहा है। उनके जवाब से कोर्ट संतुष्ट नजर नहीं हुई है।स्टेट फोरेंसिक साइंस लैब सर्विस के जवाब से पहले कोर्ट ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी सोनू परिहार की छ्व रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसके जमानत आवेदन को खारिज कर दिया। आरोपी सोनू परिहार को नाबालिग से बलात्कार के मामले में 8 फरवरी 2021 को गिरफ्तार किया गया है तभी से आरोपी जेल में है। आरोपी के खिलाफ ढ्ढक्कष्ट की धारा 363, 343, 376, 120बी, 376 डी, तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी का छ्व प्रोफाइल पीड़िता के कपड़े पर पाया गया है। इसलिए जमानत नहीं दी गई है।

### गंभीर मामलों में जल्दी पूरी की जाए जांच

लैब में स्टॉफ कम होने से बढ़ रही पेंडेंसी - कोर्ट में जवाब पेश करते हुए राज्य फोरेंसिक साइंस प्रयोगशाला सर्विस के डायरेक्टर द्वारा पेश किए गए हलफनामे में कहा गया है कि 15 सितंबर 2021 तक छ्व के कुल 4386 मामले लंबित थे। लैब में कर्मचारियों के खाली पदों की संख्या अधिक होने के कारण भी जांच कार्य प्रभावित हो रहा है। जवाब में कहा गया है कि इंदौर में क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला बनने जा रही है, एक माह में यह प्रयोग शाला काम करने लगेगी। इसके बाद जांच की गति और बढेगी। मुख्य लैब पर लोड कम होगा। जबकि कोर्ट का यह कहना था कि छ्व रिपोर्ट समय पर न मिलने पर आरोपी को जमानत देना उनकी मजबूरी हो जाती है। इसलिए गंभीर मामलों को समझते हुए जल्द जांच पूरी किया करें। इन पॉइंट के आधार पर आरोपी को ठहराया जा सकता है दोषी-न्यायालय ने कहा कि बलात्कार के मामलों में पीड़िता के बयान-यदि अभियोजन मुकर जाता है तो वैज्ञानिक और फोरेंसिक साक्ष्य के आधार पर,- डीएनए प्रोफाइल की उपस्थिति के आधार परकर्मचारियों की कमी के जवाब से संतुष्ट नहीं कोर्टन्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि केवल यह कहना कि कर्मचारियों की कमी के कारण जांच नहीं हो पा रही है यह उचित आधार नहीं है, जबकि इसके लिए प्रयास होने चाहिए और समय पर रिपोर्ट मिले इसकी व्यवस्था होना चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा कि जैसे ही रिपोर्ट तैयार हो जाती है।

# शराब के शौकिनों की जान आफत में फंसी

## पानी के बीच फंसे वाहन

शिवपुरी । शिवपुरी के कोलारस में शराब के शौकिन बीती रात मुश्किल में फंस गए। युवक चार पहिया वाहन से शराब खरीदने गया था, लेकिन पुल के ऊपर से बह रहे पानी में फंस गए। इसके अलावा बाइक सवार युवक भी बहाव में फंस गए। जब स्थानीय लोगों ने युवकों को फंसे देखा तो जैसे-तैसे उनको बाहर निकाला। हालांकि युवकों की जान तो बच गई, लेकिन बाइक पानी में बह गई। शिवपुरी में बारिश के कारण इन दिनों नदी नाले उफान पर हैं। छोटे पुल एवं रपटों में ऊपर से पानी बह रहा है। शिवपुरी के कोलारस में गुंजारी नदी का भी कुछ ऐसा ही हाल है। यहां भी नदी पर बने रपटे के ऊपर से पानी बह रहा है। इस नदी के उस पार शराब की दुकान है। शौकिन लोग शराब खरीदने के लिए इसी रपटे से होकर गुजरते हैं। बीती रात को कैंपर वाहन का चालक शराब खरीदने के लिए गुंजारी नदी पर बने रपटे को पार कर रहा था, गुंजारी नदी उफान पर होने के कारण पानी रपटे के ऊपर से बह रहा था। इस बहाव में वाहन चालक फंस गया। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोग भी पानी में फंस गए। बहाव इतना तेज था कि युवकों के लिए संभलना मुश्किल हो रहा था। स्थानीय लोगों ने जैसे-तैसे युवकों को तो पानी के बहाव से बचाकर बाहर निकाल लिया, लेकिन बाइक जरूर पानी में बह गई। उधर घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक बाहर आ चुके थे।

# मंडला में हाथी महोत्सव

भोपाल। कान्हा के हाथियों के लिए आज से महोत्सव शुरू हो रहा है। जहां हाथी 7 दिन तक बिना किसी काम के केवल आराम फरमाएंगे, मौज मस्ती करेंगे। उन्हें किसी तरह का काम नहीं होगा। महोत्सव खत्म होने के बाद हाथी फिर वर्ष भर के लिए कान्हा की सुरक्षा में लग जाएंगे। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में इस समय मानूसन काल चल रहा है। जिस कारण अभी कान्हा के कोर जोन में पर्यटन बंद है। बफर जोन में पर्यटन चल रहा है। अक्टूबर माह से कान्हा फिर पर्यटकों के लिए खुल जाएगा। वर्ष के 9 माह पर्यटन कान्हा पार्क में चालू रहता है। जिसमें कान्हा के पालतू हाथियों की भूमिका सबसे अहम होती है। पार्क की गश्ती से लेकर सुरक्षा और बाघ की खोज में हाथियों का विशेष योगदान रहता है। लगातार कार्य करते रहने के बाद इन हाथियों को जहां आराम नहीं मिल पाता। तो वहीं इनकी देखभाल की जरूरत भी होती है। जिसके लिए हर साल की तरह इस बार भी उनके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसे रिजुविनेशन कैंप कहा जाता है। इस कैंप में रहकर

# 7 दिन तक गजराज उड़ाएंगे दावत



हाथियों की खुशामद की जाएगी। उन्हें विशेष खान,पान के साथ खूब सेवा की जाएगी। इस तरह हाथियों का शिविर समाप्त होने के बाद उन्हें फिर से वापस अपने काम पर लौटना होगा।

#### 23 से 29 तक लगेगा का शिविर

कान्हा पार्क को कान्हा जोन में शिविर लगाने की सारी तैयारियां पार्क प्रबंधन के द्वारा पहले ही पूरी कर ली गई हैं। पार्क में 23 से 29 सितंबर तक हाथियों का शिविर होगा। जिसमें 18 हाथी इस शिविर में एकत्र होंगे।

#### मिलेगा मनपसंद भोजन, होगी मालिश

शिविर के दौरान हाथियों को मनपसंद भोजन दिया जाएगा। जिसमें गन्ना,नारियल, केला, शेव, मक्का उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी मालिश की जाएगी।

#### हाथियों की होगी जांच

रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा। शारीरिक मलमूत्र, रक्त की जांच के लिए फोरेंसिंक लैब भेजा जाएगा। विशेषज्ञ डाक्टर उनकी जांच करेंगे। इस दौरान विशेषज्ञ डाक्टर उनकी देखभाल करेंगे। रूटीन में हाथियों के पैरों का उपचार होगा।महावत, चारा कटर का भी होगा स्वास्थ्य परीक्षण वर्ष भर हाथियों के साथ हर दम रहने वाले महावत, चारा कटर का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस शिविर के दौरान महावत, चारा कटर की खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।।

# सुस्त पड़ा मानसून, भोपाल में बौछारें पड़ने की संभावना

**भोपाल । बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र आगे बढ़ने के बाद कमजोर पड़ गया है। वर्तमान में यह सिस्टम छत्तीसगढ़ और उसके आसपास सक्रिय है। राजस्थान पर भी एक चक्रवात मौजूद है।**

इसके अतिरिक्त मानसून ट्रफ भी अभी मध्यप्रदेश से होकर गुजर रहा है। गुरूवार को राजधानी में सुबह से आंशिक बादल बने हुए हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आज जबलपुर, होशंगाबाद और इंदौर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है। भोपाल सहित अन्य जिलों में दोपहर के बाद छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक गुना में 24.4, खरगोन में 14.6, धार में 10, श्यौपुरकला में आठ, इंदौर में 3.6, दतिया में 2.6,




मलाजखंड में दो, मंडला में 0.2 मिलीमीटर बारिश हुई।

#### भारी वर्षा होने की संभावना कम

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ा कम दबाव का क्षेत्र पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिलने के कारण कमजोर पड़ गया है। वर्तमान में यह सिस्टम हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में परिवर्तित होकर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास बना हुआ है। राजस्थान के पश्चिमी भाग में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। इसके अतिरिक्त मानसून ट्रफ जैसलमेर, जोधपुर, गुना, दमोह, अंबिकापुर से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। छत्तीसगढ़ और उसके आसपास बने सिस्टम के गुरुवार शाम तक पूर्वी मध्यप्रदेश में पहुंचने की संभावना है। उसके प्रभाव से गुरुवार को जबलपुर, होशंगाबाद और इंदौर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं तेज बौछारें पड़ सकती हैं। शेष जिलों में छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं।

## न्यूरोथैरेपी परामर्श एवं निःशुल्क उपचार षिविर



जबलपुर। डॉ. लाजपतराय मेहरा, न्यूरोथैरेपी सेंटर, डॉ. मुखर्जी नर्सिंग होम के पास, शाहीनाका रोड, संजीवनी नगर, जबलपुर के शुभारंभ अवसर पर प्रत्येक सोमवार को परामर्ष एवं प्रथम उपचार निःशुल्क किया जा रहा है। जिसमें अनेक कष्ट साध्य बीमारियाँ जैसे लकवा, गठिया, सर्वाइकल स्पोंडीलाइटिस, स्लिप डिस्क, सायटिका नस का दर्द, घुटना दर्द, एडी दर्द, पार्किन्सन, चक्कर आना, नींद न आना, कंधों में जकडन, माइग्रेन आदि का उपचार किया जाता है। सेंटर संचालक डॉ. केशव प्रसाद ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को निःशुल्क इलाज लेने का निवेदन किया है। इस शिविर में शिवदयाल, त्रिजुग,एवं शैलेन्द्र का योगदान रहा।

## पहली एसयूवी एमजी एस्टोर का अनावरण



जबलपुर। एमजी मोटर्स इंडिया ने पर्सनल एआई असिस्टेंट और गेट मैच में पहली ऑटोनॉमस लेवल 2 तकनीक के साथ भारत की पहली एसयूवी एमजी स्टोर का अनावरण किया एमजी मोटर इंडिया ने एक विज्ञप्ति में बताया कि स्टोर एमजी के सफल ग्लोबल जेडीएस पर आधारित है इसमें एक प्रमुख बोर्ड सेलीस्टियल ग्रिल है जो एक ठोस ऑन रोड छाप सकता है क्लासिक लेपर्ड जब शोल्डर लाइन के साथ ह्यह्वङ्ग1 सुरुचिपूर्ण और एक्शन के लिए तैयार है एलईडी हेडलाइंस में स्टोर च९ क्रिस्टल डायमंड एलिमेंट सटीक विवरण के साथ एक अलग हॉक आई एक्सप्रेस बनाते हैं।

## नाम बदलने से अस्पताल नही बदलता

### लोकार्पण कार्यक्रम रद्द

**पाटन।** पिछले दिनों पाटन पहुँचे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने पाटन शासकीय अस्पताल की व्यवस्थाओं को देख कर सौ बिस्तर का सिविल अस्पताल का दर्जा देने की घोषणा की थी पर बुधवार को आजादी का अमृत महोउत्सव अभियान के तहत मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के विकास कार्यो का लोकार्पण किया जा रहा था जिसमे पाटन सिविक अस्पताल का लोकार्पण 100 की जगह 50 विस्तर का किया जा रहा था इस पर पाटन विधायक अजय विश्नोई ने आपत्ति दर्ज कराई और भोपाल में बैठे स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और कहा कि पाटन अस्पताल को सौ बिस्तर का सिविल अस्पताल बनाया जाए उस के बाद ही लोकार्पण किया जाए विधायक विश्नोई के दखल के बाद लोकार्पण का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया उन का कहना है अस्पताल को 100 विस्तर का दर्जा दिया गया है पर लोकार्पण 50 का कैसे किया जा सकता है नाम बदल देने से अस्पताल थोड़े न बदल जायेगा।

## दुर्दशा ग्रस्त मैदान कहां खेलें श्रीमान

### ऐसा कोई स्टेडियम या मैदान नहीं जहां खेल प्रशिक्षण ले सकें बच्चे

# नगर के आधा दर्जन खेल मैदान, अतिक्रमण की चपेट में

**संभाग मुख्यालय से लगे सोहागपुर कोयलांचल की खेल प्रतिभाएं, मैदान जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही है। संभागायुक्त शहडोल राजीव शर्मा द्वारा फुटबॉल क्लबों के गठन के साथ ही खेल गतिविधियों को प्रश्रय दिए जाने से कोयलांचल वासियों विशेषकर विभिन्न खेलों में रुचि रखने वाले बच्चों में उम्मीद की एक नई किरण जगी है। लोगों को यह लगने लगा है कि बहुआयामी विकास की परिकल्पना को साकार करने हेतु सतत प्रयत्नशील संभागायुक्त की नजरें कोयलांचल मुख्यालय पर भी जरूर पड़ेंगे और दुर्दशा, अतिक्रमण ग्रस्त खेल मैदानों को खेल प्रतिभाओं के संरक्षण, संवर्धन योग्य बनाया जा सकेगा।**



### खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले संभाग आयुक्त से बढ़ी उम्मीदें

**धनपुरी।** विद्वान-बुजुर्ग कहते हैं कि खेलों से शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता है अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलना जरूरी है लेकिन क्या गिल्ली डंडा, बंटी या लुका-छिपी खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होगा। खेलने। और खेल का प्रशिक्षण लेने के लिए खेल मैदान का होना जरूरी है जिसकी कमी से कोयलांचल नगरी धनपुरी वासी एक लंबे समय से जूझ रहे हैं। यूट्यूब नगर में लगभग आधा दर्जन मैदान ऐसे हैं जहां न सिर्फ बच्चों को खेल का प्रशिक्षण दिया जा सकता है बल्कि वह अपनी खेल प्रतिभाओं को बखूबी निखार सकते हैं लेकिन अतिक्रमण की बाढ़ गंदगी और बदहाली में इन खेल मैदानों का मानो अस्तित्व ही समाप्त कर दिया है।

#### बदहाल मैदान

धनपुरी नगर में मां ज्वालामुखी मैदान ,बाबूलाल ग्राउंड , ब्रिटिश ग्राउंड विलेज नंबर 1, मैगजीन सिद्ध बाबा ग्राउंड, की जमीन धीरे-धीरे अतिक्रमण की चपेट में आ गई और अब आलम यह है कि खेलना तो दूर यहां कुछ भी कर पाना संभव नहीं है।

#### घुट रही प्रतिभाएं

खेल मैदान नहीं होने से खेल प्रतिभाएं दबकर रह गई हैं। नगर व क्षेत्र में भी ऐसा कोई खुला स्थान नहीं है जहां सुबह शाम युवा प्रेक्टिस कर सके। क्षेत्र के सैक?ों युवा सुबह-शाम स?कों पर दौ? लगाते मिलते हैं। वहीं अगर फुटवाल , क्रिकेट खेलने का मन हो तो किसी स्कूल के मैदान की ओर रुख करते है। कई लोग दशहरा मैदान पर खेलने जाते है। युवाओं का कहना है कि हमारे क्षेत्र में ऐसा कोई खेल मैदान स्टेडियम नहीं है, जहां वे अच्छी तरह से प्रशिक्षण या ट्रेनिंग ले सकें। क्षेत्र में अच्छा स्टेडियम व अच्छे कोच न होने से यहां के खिला?ी यहीं के होकर रह गए हैं। इन खिला?ियों का देश के लिए कुछ करने का जज्बा दबकर रह गया है।

#### मिला तो सिर्फ झुनझुना

क्षेत्र में हर वर्ष दो से तीन क्रिकेट टूर्नामेंट खेल प्रेमी व खिला?ी मिलकर कराते हैं। हर आयोजन के शुभारंभ एवं समापन अवसर पर अतिथि के रूप में आमंत्रित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से खेल मैदान के साथ ही अन्य सुविधाओं एवं प्रशिक्षकों की मांग की जाती है लेकिन हर बार धनपुरी नगर वासियों को आश्वासन का झुनझुना थमा कर अतिथिगण प्रस्थान कर जाते हैं। खिला?ियों की मांग पर कई बार इन ब? नेताओं ने घोषणा तो की लेकिन घोषणा पर अमल नहीं किया गया। युवाओं का दावा है कि धनपुरी क्षेत्र में स्टेडियम बन जाए तो कई अच्छे खिला?ी निकल सकते हैं। स्टेडियम की मांग कई मर्तबा की जा चुकी है पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

#### बिना प्लानिंग के करोड़ों खर्च

नगर पालिका द्वारा नगर सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए व्यय किऐ गए लेकिन खेलकूद के लिए एक भी मैदान का विकास या शासकीय स्टेडियम निर्माण नहीं कराया गया और ना ही कोई प्लानिंग की जा रही है वर्षों पूर्व जो भी खेल मैदान थे वह भी अतिक्रमण के जरिए धीरे धीरे सिकुड़ते जा रहे हैं 7 नगर के ऐसे कई प्रतिभावान खिलाड़ियों ने संभागीय, राज्य एवं राष्ट्रीय मैच खेलकर संभाग व नगर का नाम रोशन किया है इतना होने के बाद भी खेल ग्राउंड ना होने के चलते कई अन्य खिलाड़ियों की प्रतिभा यहीं दब कर रह गई है7

#### बच्चे खेलें तो कहां

धनपुरी नगर के पूर्व खिलाड़ियों गोविंद अग्रवाल, गोरेलाल, जयदीप पाल, मोहन कश्यप आदि का कहना है कि बच्चे बचपन में खेलेंगे नहीं तो खिला?ी कैसे बनेंगे। खेलों से बच्चों के शरीर का विकास होता है। इससे शरीर बीमारियों से दूर रहता है। महिलाएं तो सारा दिन घर में ही बंद रहती हैं। अगर इलाके में कोई खेल का मैदान बन जाए तो महिलाएं भी सुबह शाम वहां योग और सैर आदि कर खुद को निरोग बना सकें। इलाके में खेल का मैदान बनना चाहिए।

#### मैदान अतिक्रमण की चपेट में

युवा खेल प्रेमियों कहना है कि नगर व जिला प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। सरकार खेलों के महत्व को समझ रही है, लेकिन मैदानों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं हैं7 नगर में आधा दर्जन ऐसे मैदान जहां खेलना संभव नहीं है। मां ज्वालामुखी मैदान, बाबूलाल ग्राउंड, ब्रिटिश ग्राउंड विलियस नंबर 1, मैगजीन सिद्ध बाबा ग्राउंड, सुभाष माइंस पूर्व में चल चुकी खदान, अगर उक्त स्थलों में प्रयास किया जाए तो नगर के युवा खेल प्रेमियों खिलाड़ियों को एक खेल मैदान की सुविधा मिल सकती है जो वर्षों से मांग की जा रही है7 बरसों से मैदान धीरे-धीरे अतिक्रमण के चपेट में आते जा रहे हैं बाबूलाल ग्राउंड धीरे धीरे ग्राउंड की जमीन कम होती जा रही है क्योंकि ईंट भट्टे वाले जमीन पर बेजा कब्जा कर हजम करते जा रहे हैं और नगर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की चुप्पी अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद कर रही है।

स्थानीय नागरिकों ने खेल गतिविधियों एवं सुविधाओं को बढ़ावा देने वाले संभागायुक्त शहडोल तथा जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर में खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ मैदानों की सुरक्षा के निर्देश नगर प्रशासन को दिए जाने की मांग की है।

## भाजपा महिला मोर्चा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व पोषण आहार कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा जबलपुर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य एवं पोषण आहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्य स्वास्थ्य मंत्री व पूर्व विधायक शरद जैन एवं महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अश्विनी परांजपे ने भारत माता के तैयचित्र का पूजन कर किया। कार्यक्रम में पोषण आहार विषय पर डॉ. अमिता सक्सेना द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक नीता रजक ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 230 हितग्राहियों ने लाभ लिया जिसमें परीक्षण कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया, कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी का सहयोग भी रहा। इस अवसर पर पूजा वादवानी, रूपा राव, योगेश विलोहा, रंजीत ठाकुर, डॉ. श्रीराम दाहिया, डॉ. सरिता साहू, कल्पना तिवारी, रश्मि केवट, सुधा ठाकुर, सरिता शर्मा, सुमन यादव, सुम्मी सुनाने, दीप्ती, जागृति शुक्ला, अनुभा राय, श्वेता गोंटिया, सुमन सैनी, किरण पटेल, आशा पण्ड्या, शशि दाहिया, लक्ष्मी जैन आदि की उपस्थिति रही।

## क्षेत्र को सुंदर बनाने स्वयं उठाया बीड़ा

### क्षेत्रीय नागरिक कौन है डिवाइडर में किया पौधारोपण



**जबलपुर।** घमापुर स्थित कांचघर क्षेत्र में मंगलवार को क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से समाजसेवी अजय शर्मा ( सिंकी ) द्वारा कांचघर चौक से चुंगी चौकी क्षेत्र तक मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय नागरिकों का कहना था कि क्षेत्र को सुंदर बनाने के उद्देश्य को लेकर डिवाइडर में आकर्षक फूलों के पौधे रोपे गए हैं। जिससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि आसपास रहने वाले नागरिकों को भी हरियाली का सुखद एहसास होगा। इसके साथ ही नागरिकों द्वारा स्वयं किए गए पौधारोपण की देखरेख की भी जिम्मेदारी ली गई है। इस मौके पर मनीष शर्मा, सुखनंदन झा, अशोक खंडेलवाल, योगेंद्र मालवीय, सुरेंद्र राजपूत, संजय शर्मा ,विनय शर्मा, सोनू शर्मा, आशीष शर्मा, देव शर्मा,दीप शर्मा उपस्थित रह।

## बड़े दिनों बाद हुई मांग पूरी 30 30 फिट के 2 पोल का हुआ भूमिपूजन



**कुंडम।** बनगर में जनता की मांग को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा बस स्टैंड एवं बाजार चौक में रात में भारी अंधेरा रहने के कारण बस स्टैंड में यात्रियों को भारी परेशानी होती थी इन सब को देखते हुए ग्राम पंचायत की निधि से दो लाख बीस हजार मैं दो पोल 30 30 फीट के जिसमें 150 पोटं की छै एलईडी लगाई जाएगी जिससे बाजार में एवं बस स्टैंड में भरपूर उजाला रहेगा जिसका भूमि पूजन आज किया गया ग्राम पंचायत सरपंच गुलाब बर्मन जनपद सदस्य भवानी साहू मंडल अध्यक्ष भाई राजेश साहू महेंद्र बड़करें पंच सुशील राय रतन कछ्वाहा रामस्वरूप कछ्वाहा की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया एवं 15 दिनों के अंदर पोल खड़े हो जाएंगे।

## शासकीय कालेज में बच्चों को मार्गदर्शन

सिहोरा– शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज बुधवार को अजाक्स मेडिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट जबलपुर द्वारा पैरामेडिकल ,नर्सिंग पीपीटी ,डीएमएलटी ,पैथोलॉजी ,सीटी एमआरआई के विषय में बीएससी फाइनल बायो के छात्रों को संबोधित किया । विज्ञान विषय में किस प्रकार से कैरियर के अवसर है इस विषय पर विद्वान वक्ताओं डॉ संजय श्रीवास्तव एवं डॉ सुशील श्रीवास्तव ने व्यापक रूप से छात्रों का मार्गदर्शन किया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ श्रीमती संतोष जाटव, डॉ अरुणा पांडे, डॉ नागेंद्र सिंह उपस्थित रहे डॉ,अंजली मांडवे द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया ।

## गरीब असहाय को कोविड-19 वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया



**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गरीब असहाय को कोविड-19 वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया । संघ के अध्यक्ष धनंजय बाजपेई ने कहा पीड़ित मानवता की सेवा ही हमारा धर्म है डॉक्टर अरुण मिश्रा ने कहा असहाय गरीब मजदूर हमारीनिव के मजबूत स्तंभ है इस अवसर पर डॉक्टर अरुण मिश्रा प्रकाश साहू गजेंद्र सिंह सौरभ पटेल आदि उपस्थित थे। इसके उपरांत तुलाराम चौक हनुमान मंदिर मैं महा आरती का आयोजन समाज धर्म राष्ट्र को हिंदू राष्ट्र घोषित करें पूजा प्रार्थना की गई जिसमें प्रमुख रुप से यदुवंश मिश्रा डॉक्टर अरुण मिश्रा पूर्व पार्षद मेदले पंडित मनमोहन दुबे आदि उपस्थित।

## अनूपपुर बस्ती के खस्ताहाल सड़क की ओर नहीं जाता किसी का ध्यान

**अनूपपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार भले ही अनूपपुर जिला मुख्यालय में सीसी सड़क एवं पक्की सड़क का मकड़ जाल फैलाया जा रहा है लेकिन अनूपपुर बस्ती के खस्ताहाल सड़क की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है जो कि समझ से परे हैद्य बताया जाता है कि इंदिरा तिराहे से बस्ती पहुंच मार्ग, शंकर मंदिर चौराहे से बस्ती पहुंच मार्ग, अमरकंटक तिराहे से बस्ती पहुंच मार्ग की हालत किसी से छिपी नहीं हैद्य ऐसा नहीं है कि अनूपपुर बस्ती में सत्ता पक्ष के नेताओं की कमी नहीं है और उनका निवास भी बस्ती में ही है चाहे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष की बात हो या फिर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष की बात, उक्त तीनों नेता बस्ती के ही बाशिंदे हैं और तीनों नेताओं में से दो नगर पालिका के जनप्रतिनिधि भी रह चुके हैंद्य लेकिन अनूपपुर बस्ती की खस्ताहाल सड़क की ओर ध्यान ना जाना और किसी प्रकार की पहल ना करना इन दिनों जिला मुख्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ हैद्य ऐसा भी नहीं है कि बस्ती में सिर्फ भाजपा के नेता काही निवास हो बल्कि कांग्रेस समर्थित नगर पालिका के उपाध्यक्ष का भी गृह वार्ड अनूपपुर बस्ती ही हैद्य जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और तालाब नुमा सड़क में चलने के बाद लोग नेताओं को कोसते हुए आवागमन कर रहे हैं लेकिन लोगों की सुनने वाला लगता है अनूपपुर जिला मुख्यालय में कोई नहीं हैद्य जब ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों द्वारा जगह-जगह सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है तो नगरी निकाय क्षेत्र अंतर्गत अनूपपुर बस्ती में सीमेंटेड सड़क की ओर क्यों नहीं ध्यान दिया जा रहा है या खस्ताहाल सड़क को सुधर वाया क्यों नहीं जा रहा हैद्य राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा अधिकारी भी कम दोषी नहीं हैद्य नगरपालिका अनूपपुर के अधिकारियों को भी जनहित के इस मुद्दे पर अमल करते हुए राशि स्वीकृत करने हेतु पहल किया जाना चाहिएद्य लेकिन इसके लिए सबसे पहले सत्ता पक्ष के नेताओं को ही ध्यान देना होगाद्य सवाल यह भी है कि आखिर आगामी दिनों में संपन्न होने वाले नगर पालिका चुनाव में क्या खस्ताहाल सड़क के बाद नेताओं द्वारा वोट मांगा जाएगा और यदि मांगा भी चाहता है तो अपनी उपलब्धि क्या बताई जाएगीद्य बहर हाल मीडिया तो सिर्फ लोगों का एवं अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट ही करा सकती है ,पहल तो अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों राजनैतिक दल के नेताओं को ही करना होगा

## शासन की योजनाओं का सभी को मिले लाभ- मरावी

सिहोरा। ग्राम स्वाराज के बीस वर्ष पूर्णँ होने पर महिला बाल विकास द्वारा बीआरसी भवन में कार्यक्रम का आयोजन नंदनी मरावी विधायक सिहोरा के मुख्यातिथ्य में किया गया । मुख्य अतिथि ने आयोजन को संबोधित करते हुए कहा की लाडली लक्ष्मी एंव प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित महिला बाल विकास के द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिल रहा है अन्य योजनाओं का भी लाभ दिलाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए । अतिथियों ने आंगनवाडी कार्यकताओं द्वारा सजाई गई रंगोली का भी अवलोकन किया तथा पोषण अधिकार सुचना पत्र के प्रमाण पत्रो का भी वितरण किया। इस अवसर पर राजेश दाहिया, शिशिर पांडे,अभिषेक परौहा, अनुपम सराफ,विनय सहित अनेक गणमान्य नागरिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थी।

### कीचड़, गाजर घास ने किया छात्रों का स्वागत

## अधूरी तैयारियों के बीच खुले प्राइमरी स्कूल




**सिहोरा।** नगर मे बुधवार से कक्षा एक से पांचवीं तक के स्कूल खुले और छोटे-छोटे बच्चों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए शासन द्वारा विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जर्जर स्कूलों की मरम्मत, साफ-सफाई, शौचालयों की सफाई, सैनीटाइजेशन के अलावा स्कूल तक पहुंचने का सुलभ मार्ग जैसी तैयारियों के लिए भी कहा गया है, लेकिन स्कूलों में इस तरह की किसी भी तरह की तैयारियां नजर नहीं आ रहीं हैं।

#### जिम्मेदारो ने भी नही पहने थे मास्क

स्कूलों की व्यवस्था को लेकर पड़ताल की तो कई स्कूलों में अव्यवस्थाएं नजर आईं। स्कूलों में न तो सैनीटाइज हुआ है न ही साफ-सफाई नजर आई। गाजर घास से पटा पहुंच मार्ग जर्जर भवन के बीच नन्हे मुन्ने छात्रों ने आमद तो दी लेकिन जिम्मेदार भी बिना मास्क के नजर आए गौरतलब है कि शासन द्वारा सभी स्कूल के बच्चों को पहले से ही पुस्तकें एवं यूनिफार्म उपलब्ध करा दिए हैं। अब केवल बच्चों को स्कूल में 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ आना है।

#### स्कूल में गाजर घास एवं गंदगी का हाल

शहर के उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यमिक विभाग सूरज प्रसाद कुररिया माध्यमिक शाला सहित ग्रामीण क्षेत्र की अनेक शालाओं में प्रवेश द्वार से लेकर विद्यालय भवन तक गाजर घास का जंगल लहलहा रहा है लेकिन जिम्मेदारों में 18 माह बाद शैक्षणिक संस्थाओं के प्रारंभ होने के पूर्व इन्हें अलग कराना मुनासिब नहीं समझा बीईओ कार्यालय के पास उत्कृष्ट विद्यालय का माध्यमिक विभाग के भी हाल बेहाल हैं। कोरोना काल में स्कूल बंद होने के दौरान पाठ पुस्तक वितरण सहित अन्य सह गतिविधियां उक्त प्रांगण से संचालित की गई किंतु स्कूल के दरवाजे के सामने से ही घांस पूस सहित अन्य पौधों को साफ तक नही कराया गया। ग्रामीण क्षेत्र के अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं ने बताया कि विद्यालय में ना तो थर्मल स्कैनर सैनिटाइजर की व्यवस्था है ना ही मास्क की यहां तक की विद्यालय के शौचालय भी गंदगी से बज बजा रहे है।

### विकासखंड में 147 प्राथमिक एवं 79 माध्यमिक शाला

#### नहीं खुले निजी विद्यालय

शासकीय विद्यालय अव्यवस्था के साथ जहां संचालित होना प्रारंभ हो गए वहीं निजी विद्यालय ऑनलाइन और बीडियो काल क्लास का बहाना लेकर अभी संचालित नहीं हो रहे निजी स्कूल संचालक अभिभावकों की लिखित सहमति नाम मिलने सहित अन्य बातो का हवाला देते हुए केवल व्हाट्सएप ग्रुप पर स्टडी मैटेरियल भेज कर अपनी ऑनलाइन क्लास का संचालन कर रहे हैं

#### इनका कहना है

अभिभावक की लिखित सहमति के साथ विद्यालय का संचालन प्रारंभ हो गया है पहले दिन 30 से 35 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही मास्क एवं सैनिटाइजर संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा जिन विद्यालयों में अव्यवस्था का आलम है उनकी जांच करा कर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएगी।

**अशोक उपाध्याय**
**विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिहोरा**



गजल

सतीश सिंह

## समंदर अंजान था

पैर कब्र में थे, पर आंखों में गुमान था
ईर्ष्या, लोभ और मन में अभिमान था

मौत को देख, दार्शनिक बन गया
पैसे की भूख थी, मन बेईमान था

ठाना तो बंजर को भी जंगल बना दिया
नहीं था घर, पर हौसलों का मकान था

महिलाओं को मिलेगी एक दिन आजादी
सदियां बीत गईं, पर नारा यह जवान था

जो खुद को बताता था गरीबों का हितैषी
उसका भी नरीमन पॉइंट में मकान था

हैसियत तो मयखाने में भी देखी जाती है
मेरे लिए हिकारत, उसके लिए सम्मान था

'सतीश', सैलाब में लहरों से लड़ता रहा
कश्ती की ताकत से समंदर अंजान था

कहानी

संजीव ठाकुर

अबोध बच्चे जिससे प्यार पाते हैं, उसी के हो जाते हैं। नन्ही सोनी पड़ोस में रहने वाले एक लड़के को अपना चाचा मानती थी। चाचा भी उससे बहुत दुलार करते थे। सुबह-सुबह सोनी उनके घर पहुंच जाती और फिर अपने घर जाने का नाम न लेती। दोनों के बीच नेह का ऐसा रिश्ता बन गया था, जो सारे रिश्तों से बहुत ऊपर और अनूठा था। भोले-भाले बालमन की एक प्यारी-सी कहानी।

# सोनी के चाचा



सुबह होते ही वह बिस्तर से नीचे उतरती और आंगन में आ जाती। जंजीर लगे दरवाजे को धकेल उसमें अपना सिर अड़ा देती, 'चाचा पास!... चाचा पास!...' तब तक चिल्लाती रहती, जब तक उसकी दादी चाबी लाकर गेट ना खोल देतीं। गेट खुलते ही अपने नन्हे पैरों से करीब सौ कदम चलकर पहुंच जाती, अपने चाचा के घर। अब वहां तूफान मचाती खट-खट-खट-खट... ग्रिल की कुंडी तब तक खटखटाती रहती, जब तक उसके चाचा नींद से जगकर ताला खोल उसे गोद में ना उठा लेते।

'आ गई सोनी?' चाचा उसे चूमते हुए पूछते।

'आं!' सोनी जवाब देती।

डेढ़ साल की सोनी। सत्रह-अठारह के उसके चाचा। पड़ोस में रहने वाले। खून का कोई रिश्ता नहीं। नेह का अजीब रिश्ता। ऐसा नेह कि चाचा जी ना हों तो खाना-पीना सब बंद, खोई-खोई रहती। एक बार तो चाचा जी जिस रास्ते गए थे, उसी रास्ते बहुत दूर तक अकेली चली गई थी। किसी ने पहचानकर उसे घर पहुंचाया था। चाचाजी घर में हों तो सुबह से दोपहर वहीं डेरा डाले रहती। वहीं नाश्ता-खाना कर लेती और सू-सू, पॉटी भी। मारवाड़ी परिवार का होने के कारण उसकी मां तो घर से नहीं निकलतीं, दादी आतीं और उसे धोते-पोंछते बड़बड़ाती रहतीं। लेकिन सोनी को कोई फर्क नहीं पड़ता। उसकी दादी चली जातीं, वह वहीं जमी रहती।

चाचाजी पास के शहर में पढ़ते थे। कॉलेज की लंबी छुट्टियों में तो घर ही रहते। जब घर रहते, सोनी का वही रूटीन रहता। चाचाजी कहते- 'सोनी! घर जाओ।'

'नई..' वह जोर देकर कहती।

'अच्छा सोनी! चाचा कहां हैं?' चाचा पूछते।

सोनी अपनी नन्ही हथेली चाचा की छाती पर रख देती।

'बेटू कहां है?' चाचा पूछते।

सोनी अपनी हथेली अपनी छाती पर रख लेती।

चाचा कहते- 'बेटू हम बाजी (बाजार) जाएंगे।'

सोनी कहती-'अम भी!'

सोनी ने कहीं से 'पिल्ली', 'कुतिया' जैसी गालियां सीख ली थीं। उसके मुंह से उन्हें सुनना बड़ा अच्छा लगता था। चाचाजी अपने छोटे भाई-बहनों के साथ होते तो मनोरंजन का यह सिलसिला शुरू कर देते। बेवजह सोनी के गाल पर हल्की चपत लगा देते। सोनी कहती, 'माऊंगा।' फिर चपत लगाने पर कहती- 'पिल्ली!' ...'कुतिया!'

'चाचा को गाली देगी?' नकली गुस्सा दिखाते हुए चाचा फिर एक चपत लगा देते। सोनी रोने लगती और अपना सिर फर्श पर पटकने लगती। तब चाचाजी उसे प्यार से उठाते और पुचकारते। बहुत प्रलोभन देने पर भी वह नहीं मानती तो चाचाजी रूठने का अभिनय करने लगते। तब वह भावुक होकर बोलती- 'चाचा..चाचा!'

कभी-कभी सोनी के रोने पर चाचा चुप कराने के लिए उसे उठाते और टेप रिकॉर्डर के पास ले जाकर कहते, 'बाजी! बजाओ?'

टेप रिकॉर्डर का बटन दबाकर वह रोना भूल जाती! नॉर्मल हो जाती। मनोरंजन को जारी रखने के लिए चाचा फिर से उसे एक चपत लगाते, वह फिर रोने लगती। टेप रिकॉर्डर का बटन दबाने को कहते, चुप हो जाती! सोनी का रोना और चुप हो जाना करीब-करीब टेप रिकॉर्डर के ऑन-ऑफ होने जैसा ही था। वह अपने चाचा से कभी नाराज नहीं होती थी। नाराज होकर वह अपने घर कभी गई ही नहीं।

एक बार सोनी के मामाजी राजस्थान से मिठाइयां लेकर आए थे। सोनी तब करीब दो साल की हो गई थी। वह चाचा के घर ही बैठी थी। चाचा के भाई-बहन भी वहीं बैठे थे। सोनी के मामाजी के बारे में ही बात हो रही थी। मारवाड़ी लड्डूओं के स्वाद की चर्चा भी होने लगी थी। इसी बीच चाचा ने यूं ही सोनी से कह दिया- 'सोना बाई! मामा आई? आडू (लड्डू) लाई?'

पता नहीं, सोनी के मन में क्या आया? वह उठकर वहां से चली गई। उसका मन घर जाने का होगा- यह सोचकर किसी ने रोका भी नहीं। लेकिन थोड़ी ही देर में वह फिर आ गई। पास आने पर चाचा ने देखा कि उसने अपनी फ्रॉक के अगले हिस्से को ऊपर की ओर मोड़ रखा है। छूने पर वहां गोल-गोल चीज नजर आई। उसकी फ्रॉक को सीधा कर देखा तो वहां तीन-चार लड्डू थे! चाचा के घर में सबको बहुत आश्चर्य हुआ।

'सोनी आडू लाई है?' चाचा ने पूछा। सोनी ने जवाब दिया- 'आं!'

बाद में उसकी दादी से पता चला कि उस रोज वह जो चाचा के घर से उठकर गई तो सीधे दादी के पास गई और 'चाचा आडू, चाचा आडू' की रट लगाने लगी। अपनी फ्रॉक में अपने चाचा के लिए 'आडू' लेकर फौरन चाचा के घर चली गई!

सोनी की यह बात चाचा कभी नहीं भूल पाए। सोनी को ही कहां भूल पाए। *

लघुकथा / एस. भाग्यम शर्मा

# किराएदार



'आप कितने लोग रहेंगे?'

'पांच लोग... मैं, मेरी पत्नी, चार साल का बच्चा, मेरी मां और पिताजी।'

'मां, पिताजी! उनकी उम्र क्या होगी?'

'पिताजी अस्सी के हैं और मां पिच्चतर कीं।'

'दोनों किसी चेकअप के लिए जाते हैं क्या?'

'हां जाते हैं, पिताजी बीपी और मां बीपी और शुगर के लिए।'

'फिर ऊपर की मंजिल आपके लिए सही नहीं है, क्योंकि आप के मां-पिताजी बुजुर्ग हैं, उस पर पुरानी बीमारी। ऐसे बीमार लोगों को घर को किराए पर देना मैं उचित नहीं समझता। मेरा नया मकान है, इसमें कोई दुर्घटना घटे, यह मैं नहीं चाहता। मेरे कहने का मतलब आप समझ रहे होंगे।'

'बिना कुछ कहे मैं वापस चलने लगा। मैंने देखा कि वह पास में रखे मेज पर से पानी की बोतल उठाते समय एकाएक लड़खड़ाकर गिर गए। मैंने भागकर उन्हें पकड़ा और पास के पलंग पर लिटाया। वे अपने हथेली से बाएं तरफ की छाती को कस कर दबाने लगे और उनकी सांस उखड़ने लगी।

'हार्ट अटैक है।' मेरी पत्नी बोली।

'एंबुलेंस को फोन करूं?' मैंने पूछा।

'नहीं जी, ही इज नो मोर।' उनकी नाड़ी देखकर बोली मेरी पत्नी, जो एक डॉक्टर है। *



जैसे-जैसे हम सबकी डिपेंडेंसी इंटरनेट पर बढ़ रही है, उसके हाई स्पीड की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। उम्मीद है चंद महीनों में हमें तूफानी रफ्तार से इंटरनेट डाटा मिलेगा। डाटा सिग्नल की समस्या नहीं रहेगी। हम ऊंची से ऊंची पहाड़ी पर हों या किसी समुद्री द्वीप पर, हमारे फोन, लैपटॉप सुपरफास्ट स्पीड से चलेंगे। इस दिशा में हो रहे प्रयासों पर एक नजर।

# तूफानी रफ्तार से अब चलेगा आपका इंटरनेट

न्यूटेक

निनाद

अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले 6 महीने या अधिकतम 10 महीने में भारत में भी इंटरनेट की रफ्तार हवा से बातें करेगी। जी हां, आप सही पढ़ रहे हैं, जल्द ही हमें लो स्पीड नेट की समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

## आ रहा है पावरफुल इंटरनेट

ग्लोबल स्पेसटेक्नो इंडिस्ट्रियलिस्ट एलन मस्क भारत ला रहे हैं स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट, जिसके जरिए हमें तूफानी रफ्तार से इंटरनेट डाटा मिलेगा। इससे सिर्फ यही फायदा नहीं होगा बल्कि इसके चलते कहीं पर भी डाटा सिग्नल की समस्या नहीं होगी। चाहे हम गगनचुंबी पहाड़ी इलाकों में हों या किसी समुद्री द्वीप पर। जहां मर्जी हों, हम अपना फोन, लैपटॉप उसी सुपरफास्ट स्पीड से चला पाएंगे। एलन मस्क के इस प्रोजेक्ट स्टारलिंक की प्री-बुकिंग भी शुरू हो गई है। लेकिन अभी इस संबंध में बहुत सारी बातें और सेवा शर्तें उजागर होनी हैं, क्योंकि अभी मस्क के प्रोजेक्ट को रेग्युलेटरी बॉडी से अप्रूवल नहीं मिला है। लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही अप्रूवल मिल जाएगा और साल 2022 के मध्य तक हर हाल में हाईस्पीड सैटेलाइट डाटा सर्विस भारत में शुरू हो जाएगी। यह बात खुद एलन मस्क ने हाल में कही है।

## ऐसे बढ़ेगी नेट स्पीड



भारत जैसे विशाल देश में इस डाटा नेट का बहुत फायदा होगा। क्योंकि अभी जहां ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क नहीं पहुंच रहा, वे स्थान या तो इंटरनेट से वंचित हैं या फिर उन्हें बहुत धीमी स्पीड में चलने वाला 2जी नेट मिल रहा है। इस समय भारत में वायरलेस इंटरनेट के नाम पर वायमैक्स वायरलेस इंटरनेट की सर्विस मिलती है, जो मोबाइल इंटरनेट की सुविधा को संभव बनाता है। लेकिन वायमैक्स की सर्विस की स्पीड बहुत कम है। एलन मस्क के स्टारलिंक इंटरनेट की स्पीड, भारत में मिलने वाले मौजूदा इंटरनेट रफ्तार से करीब 10 गुना यानी एक हजार फीसदी ज्यादा होगी। अभी भारत में जो वायरलेस इंटरनेट की सेवा मिलती है, वह सैटेलाइट से डायरेक्ट लिंक नहीं है बल्कि टेरेस्टेरियल नेटवर्क से जुड़ा है। इसलिए यह इंटरनेट सेवा बहुत स्लो है। लेकिन एलन मस्क की इंटरनेट सर्विस सीधे सैटेलाइट से जुड़ी होगी, इसलिए हर समय बहुत तेज रफ्तार डाटा उपलब्ध होगा।



## होगा अधिक सुविधाजनक

नया नेट कनेक्शन आने के बाद भारत में उसी स्पीड का इंटरनेट उपलब्ध होगा, जिस रफ्तार का फिलहाल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा और अमेरिका सहित 14 देशों में उपलब्ध है। स्टारलिंक के जरिए इंटरनेट सर्विस पाने के लिए जमीन पर सिर्फ ग्राउंड नोड्स की जरूरत होगी, इसके अलावा किसी इंफ्रास्ट्रक्चर की कोई जरूरत नहीं होगी। इसके बाद दूर-दराज के इलाकों, गहरे समुद्र तथा पहाड़ों के ऊपर भी तेज डाटा रफ्तार उपलब्ध होगा। एलन मस्क को स्पेक्ट्रम संबंधी लड़ाई भी नहीं लड़नी पड़ेगी, क्योंकि इसमें मिलीमीटर वेब्स का इस्तेमाल होता है।

## नहीं रहेगी स्पीड प्रॉब्लम

स्टारलिंक से सैटेलाइट इंटरनेट का इस समय बीटा टेस्टिंग वर्जन मिल रहा है। इसकी डाउनलोड स्पीड 50 एमबीपीएस से 150 एमबीपीएस है। यह लेटेंसी इंटरनेट सर्विसेज 20 मिली सेकेंड से 40 मिली सेकेंड का समय लेती है। लेटेंसी वह समय होता है, जो एक डेटा प्वाइंट से दूसरे डेटा प्वाइंट तक पहुंचने में लगता है। अमेरिका में स्पीड टेस्ट इंटेलीजेंस बताते हैं कि स्टारलिंक सैटेलाइट ब्रॉड बैंड 97.23 एमबीपीएस डाउनलोड स्पीड दे रहा है, जबकि 13.89 एमबीपीएस अपलोड स्पीड। हालांकि यूएस एयरफोर्स, स्टारलिंक का इस्तेमाल करके 600 एमबीपीएस की स्पीड भी हासिल कर चुका है। लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस स्पीड के डाटा सर्विस आम लोगों के लिए उपलब्ध होगी या नहीं। यही नहीं स्पीड टेस्ट एप बनाने वाली कंपनी ओकला ने कहा है कि स्टारलिंक सैटेलाइट ब्रॉड बैंड की स्पीड कई देशों में वायर्ड ब्रॉड बैंड की स्पीड के बराबर पहुंच गई है और कुछ में तो इसने सभी लोकल कनेक्शनों को भी फेल कर दिया है।

## धरती के करीब है नेट सैटेलाइट

स्टारलिंक कोई नई टेक्नोलॉजी नहीं है। हम इसी तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए सैटेलाइट टीवी (डी2एच) देखते हैं और जीपीएस लोकेशन भी इसी सेवा की बदौलत संभव हो रहा है। लेकिन अब दिक्कत यह है कि ट्रेडिशनल सैटेलाइट धरती से बहुत दूर होते हैं, जबकि यह सर्विस सीमित होती है। सैटेलाइट से ब्रॉड ब्रैड इंटरनेट देने के लिए मस्क की कंपनी ने सैटेलाइट को लोअर अर्थ ऑर्बिट में स्थापित किया है ताकि हाई स्पीड इंटरनेट मिल सके। सैटेलाइट लेजर के जरिए डाटा प्लांट करते हैं और यहां फाइबर ऑप्टिक ब्रॉड बैंड की तरह ही है, जिसमें लाइट की स्पीड से डेटा ट्रैवल करता है।

कुल मिलाकर जल्द ही भारत में उपलब्ध इंटरनेट डाटा सर्विस दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों के बराबर की सुपरफास्ट स्पीड वाला होगा। *

# दवाइयों की ड्रोन डिलीवरी

ड्रोन टेक्नोलॉजी की उपयोगिता को आम लोगों के लिए बढ़ाते हुए अब उससे दवाओं की सप्लाई शुरू करने का टेस्ट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। यदि यह सफल रहा तो देश में मेडिसिंस की ड्रोन डिलीवरी शुरू हो जाएगी। इससे लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन इसके साथ ही हेल्थ सर्विस सेक्टर में कई और सुधार किए जाने की जरूरत है।

इनिशिएटिव

लोकमित्र



आपको सुनने में 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' प्रोजेक्ट जितना आधुनिक और आकर्षक लगता है, उतना यह है भी। जी हां, गुजरे 11 सितंबर 2021 को ड्रोन के जरिए दवाओं को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की इस योजना का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट तेलंगाना में शुरू किया गया। इस दौरान मौजूद रहे केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन के जरिए दवाओं और वैक्सीन की डिलीवरी की जाएगी। फिलहाल यह प्रोजेक्ट पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तेलंगाना के 16 ग्रीन जोन इलाकों में शुरू किया गया है।

**शुरू हो चुका है प्रोजेक्ट:** तेलंगाना ने देश में पहली बार कोविड-19 टीकों की डिलीवरी के लिए बियांड विजुअल लाइन ऑफ साइट (बीवीएलओएस) ड्रोन उड़ानों का प्रयोग किया है। इससे मेडिसिन की डिलीवरी बिल्कुल समय पर सुनिश्चित हुई है। इस प्रोजेक्ट के चलते ड्रोन सर्विस में चार बॉक्स जोड़े गए हैं, जिसमें से हर एक बॉक्स का तापमान अलग है। तीन महीने तक चलने वाले इस प्रोजेक्ट का बारीक विश्लेषण होगा। इसमें उड्डयन मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, आईटी मंत्रालय और राज्य सरकार शामिल होंगे। अगर सब कुछ सकारात्मक रहा तो फिर यह क्रांतिकारी योजना पूरे देश के लिए शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए ड्रोन पॉलिसी पहले से तैयार कर ली गई है और अगले तीन महीनों में इंटरैक्टिव एयरो स्पेस मैप तैयार कर लिया जाएगा। इस मैप और राज्यों की सहायता से विभिन्न जोन का चिन्हीकरण किया जाएगा। मौजूदा प्रोजेक्ट कई बड़ी संस्थाओं और संगठनों, जिसमें वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, नीति आयोग और हेल्थनेट ग्लोबल के जरिए शुरू किया गया है।



ड्रोन से मेडिसिन बॉक्स अटैच करती एक हेल्थ प्रोफेशनल

**बढ़ाएं हेल्थ बजट भी:** निश्चित रूप से यह योजना आकर्षक है, रोमांचित करती है और तेज रफ्तार समय के अनुकूल भी है। लेकिन सवाल है कि क्या भारत की स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए यह योजना प्राथमिक हो सकती है? दरअसल, भारत भले दुनिया की टॉप-10 अर्थव्यवस्थाओं में से हो, भले जल्द ही हम ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था फिर से बनने जा रहे हों। लेकिन व्यावहारिक सच्चाई यह है कि भारत का स्वास्थ्य ढांचा दुनिया के सबसे खराब स्वास्थ्य ढांचों में से है, विशेषकर यहां की आबादी को देखते हुए। शायद इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत अपने स्वास्थ्य बजट में बहुत कम खर्च करता है। अपने नागरिकों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए जहां उच्च आय वाले देश अपनी जीडीपी का 5 फीसदी से ऊपर खर्च करते हैं, वहीं भारत साल 2018 के आंकड़ों के मुताबिक अपने स्वास्थ्य बजट में जीडीपी का महज 1.0 फीसदी खर्च करता है।

**सुधारना होगा हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर:** देश के हेल्थ बजट को देखते हुए सवाल उठना लाजिमी है कि हमें पहले बुनियादी स्वास्थ्य ढांचे को सुधारने की जरूरत है या मेडिसिन फ्रॉम द स्काई जैसे प्रोजेक्ट शुरू करने की? भारत में जो लोग दवाएं खरीद सकते हैं, उनके लिए दवाओं का ट्रांसपोर्ट कभी कोई बड़ी समस्या नहीं रही। इसकी वजह यह है कि भारत दुनिया का सबसे ज्यादा दवा उत्पादक देश है। बावजूद इसके अगर आम आदमियों तक जरूरत के समय दवाएं नहीं पहुंचती तो उसकी वजह ट्रांसपोर्ट संबंधी दिक्कत नहीं बल्कि आर्थिक हैसियत है।

इसलिए जरूरी है कि सबसे पहले देश के स्वास्थ्य ढांचे को बेहतर बनाया जाए। बड़े और जिम्मेदार देशों की तरह हम भी इसमें अपने जीडीपी का 5 नहीं तो कम से कम 4 फीसदी खर्च करें। ऐसा किए बिना मेडिसिन फ्रॉम द स्काई जैसी योजनाएं तात्कालिक रूप से सुर्खियां भले बटोर लें, लेकिन इससे देश की स्वास्थ्य संबंधी समस्या को हल करने में ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। *

### मल्टीपर्पस ड्रोन

**सिर्फ मेडिसिन** के क्षेत्र में ही नहीं, आने वाले दिनों में ड्रोन उसी तरह तमाम समस्याओं का समाधान बनेगा, जैसे आज संचार के मामले में मोबाइल फोन बन गया है। ड्रोन भी इसी तरह यातायात और कई दूसरे मामलों में उपयोगी साबित होगा। शायद इसीलिए केंद्रीय उड्डयन मंत्री सिंधिया ने ड्रोन को भविष्य की एयर टैक्सी कहा है। ड्रोन का इस्तेमाल कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में, बॉर्डर से लेकर देश के तमाम आंतरिक हिस्सों में निगरानी करने में, जंगलों में आग लगने पर, आग बुझाने के लिए और खेतों में रसायनों के छिड़काव में होगा। निश्चित रूप से ड्रोन बहुपयोगी है। *





## कृषि उपज मंडी में क्राइम ब्रांच की रेड , गुजराल ट्रेडर्स पर कार्रवाई

# गरीबों का गेहूं बेंचकर हो गए मालामाल

जबलपुर, यशभारत। कृषि उपज मंडी स्थित गुजराल ट्रेडर्स पर आज क्राइम ब्रांच और खाद्य विभाग ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अधिकारी गरीबों के लिए दिए जाने वाले गेहूं को ट्रेडर्स की दुकान में देखकर दंग रह गए। फिलहाल जांच जारी है। क्राइम ब्रांच पकड़े गए गेहूं के संबंध में पूछपाछ कर रही है। संजीव अग्रवाल कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अभी पता चला कि क्राइम ब्रांच ने गुजराल ट्रेडर्स पर रेड मारी है। भारी मात्रा में गेहूं बरामद किया है, जो गरीबों का है।

### 70-80 बोरी अभी तक हम दे चुके है

रेड के दौरान ट्रेडर्स को माल दे रहे रियाजुद्दीन ने बताया कि वह अभी तक करीब 70 से 80 बोरी माल दे चुका है। वहीं संजीव अग्रवाल ने बताया दलाल राशन दुकानों में गरीबों को मिलने वाले गेहूं को खरीदकर फिर एकट्ठा करते है और ट्रेडर्स के पास बेंच देते है जो बाद में मंडी में जाता है। मिले माल का मिलान करवा रहे है। पूरी जांच के बाद भी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

# बीई- बी टेक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

**जबलपुर, यशभारत।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने बैचलर ऑफ्टेक्नोलोजी और इंजीनियरिंग (बीटेक, बीई ) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की समय सारणी जारी कर दी है। इन तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जेईई मेन 2021 की मेरिट के आधार पर छात्र आज 23 सितंबर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और इसमें सुधार 27 सितंबर तक होगा। ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिए सुधार की सुविधा केवल एक बार के लिए होगी। चॉइस फिलिंग 24 से 28 सितंबर तक कर सकेंगे। 29 सितंबर को कॉमन मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। सीट आवंटन के बाद 8 से 10 अक्टूबर तक संस्था में प्रवेश लेना होगा। काउंसलिंग का दूसरा चरण जेईई मेन के आधार पर रिक्त रह गई सीटों और अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन के लिए होगा जो 30 सितंबर से शुरू होगा। संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 21 से शुरू होंगे। अनिवासी भारतीयों के लिए भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 23 से 25 सितंबर तक होंगे। 27 सितंबर को इन्हें सीट आवंटन के साथ प्रवेश लेना होगा। एनआरआई की काउंसलिंग इनके लिए बनाए गए विशेष नियमों के तहत होगी। उसी के तहत इन्हें सीटों का आवंटन किया जाएगा। तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नियम, विस्तृत समय सारणी, काउसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि तकनीकी शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने यह स्पष्ट किया है कि काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# बाइक सवार दंपत्ति को कार ने कुचला, पति की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर बाइपास पर दरमियानी रात एक बाइक सवार दंपत्ति को तेज रफ्तार कार चालक ने कुचला दिया। इस दर्दनाक हादसे में मौके पर ही पित का सिर फट गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी तो वहीं पत्नी की हालत खतरे से बाहर

### पत्नी को मायके से लेकर जा रहा था ससुराल, कार सवार आरोपी मौके से फरार

बताई जा रही है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब पति मायके से पत्नी को ससुराल ले जा रहा था। घटना के दौरान मची चीख पुकार के बीच दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान पति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पनागर थाना प्रभारी आरके सोनी ने बताया कि सतेन्द्र सिंग पिता बालसिंह ठाकुर उम्र 30 वर्ष निवासी भिवारी कला अपनी व्हीलर से आ रहा था उसी दौरान पनागर हाइवे पर कार क्रमांक एमपी 04 सीजी 2265 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के दौरान सतेन्द्र के संग उनकी पत्नि भी बाइक में बैठी थीं, जो इस भयंकर हादसे में बाल-बाल बच गयीं।

### करंट लगने से युवक की मौत

जबलपुर यश भारत। गोसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमकी ग्राम में एक युवक को समय करंट लग गया जब अपने घर में कूलर सुधार रहा था परिजनों द्वारा उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जबलपुर लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धमकी ग्राम का रहने वाला 25 वर्षीय हरवंश यादव पिता संतोष यादव अपने घर में कूलर सुधार रहा था इसी दौरान विद्युत तार से उसको करंट लग गया जिससे वह बेहोश हो गया परिजनों द्वारा उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जबलपुर के एक निजी अस्पताल में लाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

# नगर निगम कर्मियों के साथ मारपीट, मामला दर्ज

### बगैर मास्क चालानी कारवाई से उपजा विवाद, आरोपियों की सम्पत्ति की होगी जांच

जबलपुर,यशभारत। शासन के आदेश पर बगैर मास्क पहने लोगों का चालान करना नगर निगम कर्मचारियों के लिए सिर दर्द साबित हो रहा है। जिसके चलते आए दिन उन्हें विवाद का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही मामला सोमवार की शाम फिर सामने आया. जिसमें न केवल निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। दरअसल पूरा मामला ये है कि सोमवार की शाम तीन पत्ती चौराहे पर फायर कर्मचारियों द्वारा आदेश अनुसार बगैर मास्क कार्रवाई की जा रही थी। तभी दो युवकों को रोकने पर पर जुर्माना देने की बात पर वह भड़क उठे. आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मामले की जानकारी नगर निगम कमिश्नर संदीप जीआर तक पहुंची जिस पर निगम आयुक्त द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त संदीप जीआर को जैसे ही निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की जानकारी लगी। उन्होंने तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आरोपियों की संपत्ति की जांच करने के निर्देश भी भवन अधिकारियों को दिए गए। निगमायुक्त का साफ कहना है शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी कि दोबारा कोई इस तरह की हरकत ना कर सके।

> नगर निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की जानकारी मुझे मिली थी. जिस पर मैने तत्काल एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं. वहीं आरोपियों के खिलाफ निगम द्वारा भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -संदीप जीआर नगर निगम आयुक्त

# बाइक शो रूम में भड़की आग

### शॉट सर्किट के कारण हुआ हादसा, मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड के 2 वाहन

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा थाना क्षेत्र के शारदा चौक स्थित एक बाइक शोर रुम में आज सुबह शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग भड़क गयी। जिसके बाद शो रुम में हड़कंप मच गया। मौके पर नगर निगम को सूचना दी गई। शो रुम में भड़की आग को काबू करने तुरंत ननि फायर बिग्रेड की दो गाड़िया मौके पर पहुंच गयी। जिन्होंने आग पर काबू पाया। जानकारी अनुसार आज सुबह करीब 10.30 बजे शो रुम के अंदर से धुंए का गुबार उठा और देखते ही देखते आग भड़क गयी। जिसके बाद मौके पर ननि की दो गाड़ियां पहुंची जिन्होंने तुरंत ही आग पर काबू पा लिया है। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



#### लाखों का सामान है अंदर

शोरूम के स्टॉफ ने बताया कि जिस हिस्से में आग लगी है वहां कम्प्यूटर, सीट कवर, स्पेयर पार्ट्स सहित सैकड़ों प्रकार का बाइक का सामान रखा है। जिसकी कीमत लाखों में होगी। दुर्घटना के बाद देखने में आएगा कि कितना नुकसान हुआ है।

#### मौके पर पहुंची गढ़ा पुलिस

वहीं शो रूम में आगजनी की खबर लगते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया जिसके बाद मौके पर पहुंची गढ़ा पुलिस ने स्थिति को काबू में किया और शो रुम के स्टॉफ को बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि मौके पर पहुंचे नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने समय रहते इस दुर्घटना पर काबू पा लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



### भाजपा ने किया स्व दादा बाबूराव परांजपे को याद

जबलपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. दादा बाबूराव परांजपे की जयंती के अवसर पर प्रात: 11 बजे गेट न. 2 स्थित उनकी प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुष्पांजलि की गई। इस मौके पर सांसद राकेश सिंह,नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर,केंट विधायक अशोक रोहाणी,अश्विनी परांजपे, डॉ. जितेन्द्र जामदार, एसके मुइनुद्दीन, कमलेश अग्रवाल, रत्नेश सोनकर,पंकज दुबे, इंद्रजीत कौर,रूपाराव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। **फोटो- अशोक बर्मन**




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )